अगहन मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 324 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 09 दिसम्बर 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान
प्रयागराज

क्रिया योग: साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## राजा भैया की जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी को मिला चुनाव चिह्न

**लखनऊ।** यूपी में चुनाव की तैयारियां तेज हो गई है। एक ओर जहां राजनीतिक पार्टियों की सरगर्मियां बढ़ गई हैं तो वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक अमले ने भी अपना कम तेज कर दिया है। प्रदेश में वोटर लिस्ट बनाने का काम चल रहा है। इस बीच राजा भैया की जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी को चुनाव आयोग ने चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया है। चुनाव चिन्ह मिलने पर राजा भैया ने ट्वीट कर बताया कि ₹आप सभी साथियों को ये बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि चुनाव आयोग की तरफ से जनसत्ता दल को ह्यआरीह्न चुनाव निशान आवंटित हुआ है। राजा भैया ने मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन के बाद उसने लखनऊ में मुलाकात की थी। इसके बाद चचाएं तेज हो गईं हालांकि मुलाकात के बाद राजा भैया ने कहा कि नेता जी (मुलायम सिंह यादव) के जन्मदिन पर मैं हमेशा मिलकर शुभकामनाएं देते रहा हूं। लेकिन इस बार मैं बाहर था इसलिए जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने नहीं आ पाया था। इलेक्शन से जोड़कर इसे ना देखा जाए इसका कोई अलग से निहितार्थ न निकाला जाए।

# सीडीएस बिपिन रावत, उनकी पत्नी समेत 13 लोगों का हेलिकॉप्टर क्रैश में निधन



**चेन्नइ (एजेंसी)।** भारतीय वायुसेना का एक हेलिकॉप्टर बुधवार को तमिलनाडु में पर्वतीय नीलगिरि जिले में कुन्नूर के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलिकॉप्टर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) विपिन रावत, उनकी पत्नी सहित 14 लोग सवार थे। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 2 अन्य की हालत गंभीर है। हादसे में मारे गए लोगों के शव बुरी तरह झुलस चुके हैं। इनके पहचान की कोशिश की जा रही है। तमिलनाडु के वन मंत्री के रामचंद्रन ने मौके पर जाने के बाद कहा, ''मुख्यमंत्री के निर्देश पर मैं घटनास्थल पर पहुंच चुका हूं। 5 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 2 की हालत गंभीर है। राहत और बचाव का काम चल रहा है। बताया जा रहा है कि दुर्घटना कोहरे की स्थिति के चलते कथित तौर पर कम दृश्यता की वजह से हुई। वायुसेना ने कहा कि हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।



हेलिकॉप्टर ने कोयंबटूर के पास सुलुर वायुसेना अड्डे से उड़ान भरी थी। टीवी फुटेज में दुर्घटना के बाद हेलिकॉप्टर में आग की लपटें उठती दिखीं। बचावकर्मी, सेना के जवानों के साथ दुर्घटनास्थल से मलबा हटाते देखे गए। वायुसेना ने एक ट्वीट में कहा, ''वायुसेना का एमआई-17वी5 हेलिकॉप्टर तमिलनाडु में कुन्नूर के निकट आज दुर्घटनागस्त हो गया। इसमें रक्षा प्रमुख जनरल बिपिन रावत भी सवार थे। हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। रक्षा सूत्रों ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलीकाप्टर में 14 लोग सवार थे।

## पीएम मोदी समेत कई नेताओं ने जताया दुख

**नई दिल्ली।** देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत नहीं रहे। तमिलनाडु के कुन्नूर में आज हुए हेलिकॉप्टर हादसे में उनकी, पत्नी और 11 अन्य अफसरों के साथ मौत हो गई। **पीएम मोदीः** पीएम ने एक और ट्वीट में कहा 'जनरल बिपिन रावत एक उत्कृष्ट सैनिक थे। एक सच्चे देशभक्त, उन्होंने हमारे सशस्त्र बलों और सुरक्षा तंत्र के आधुनिकीकरण में बहुत योगदान दिया। **राष्ट्रपति रामनाथ कोविंदः** 'जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी मधुलिका जी के असामयिक निधन से स्तब्ध और व्यथित हूं। देश ने अपने सबसे बहादुर सपूतों में से एक को खो दिया है। मातृभूमि के लिए उनकी चार दशकों की निस्वार्थ सेवा असाधारण वीरता और वीरता से चिह्नित थी। उसके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं।' **अमित शाहः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट कर कहा 'देश के लिए एक बहुत ही दुखद दिन क्योंकि हमने अपने सीडीएस जनरल बिपिन रावत जी को एक बहुत ही दुखद दुर्घटना में खो दिया है। वह सबसे बहादुर सैनिकों में से एक थे, जिन्होंने अत्यंत भक्ति के साथ मातृभूमि की सेवा की है। उनके अनुकरणीय योगदान और प्रतिबद्धता को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है। मुझे गहरा दुख हुआ है।' **राहुल गांधीः** इस दुख की घड़ी में भारत एक साथ खड़ा है। सीडीएस रावत के निधन पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट करते हुए कहा 'मैं जनरल बिपिन रावत और उनकी पत्नी के निधन के बाद परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

## चॉपर हादसा : हेलिकॉप्टर में सवार थे देवरिया के वरुण सिंह, इसी साल मिला था शौर्य चक्र

**देवरिया।** तमिलनाडु के कुन्नूर में बुधवार को क्रैश हुए हेलिकॉप्टर में देवरिया के रहने वाले वरुण सिंह भी सवार थे। इस हादसे में एकमात्र वहीं जीवित बचे हैं, जबकि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत, उनकी पत्नी और 11 अन्य सैन्य अफसरों की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। देवरिया में रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के कन्हौली गांव के रहने वाले वरुण सिंह (40) वायुसेना में ग्रुप कैप्टन हैं। वर्तमान में उनकी तैनाती तमिलनाडु के वेलिंग्टन में है। वहीं पर उनके साथ में उनकी पत्नी और एक बेटा व बेटी भी रहते हैं। उनके पिता कर्नल केपी सिंह सेना से रिटायर्ड हैं।



## किसान आंदोलन का कल होगा अंतिम दिन केंद्र की ओर से दोबारा भेजे गए ड्रॉफ्ट पर बनी सहमति



**नईदिल्ली।** कृषि कानून के बाद अब न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) के लिए कानून बनाने की मांग पर अड़े किसानों का आंदोलन कल खत्म हो सकता है। बुधवार को केंद्र सरकार की ओर से भेजे गए रिवाइज ड्रॉफ्ट पर किसानों की सहमति बन गई है। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता गुरनाम बुधवार को कहा कि आज सरकार की तरफ से जो ड्राफ्ट आया है, उसपर हमारी सहमति बनी है। सरकार की ओर से फॉर्मल लेटर भी जल्द से जल्द आने की संभावना है। गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा 'सरकार की ओर से भेजे गए रिवाइड ड्रॉफ्ट पर सहमति बन गई है। सरकर की ओर से इस संबंध में फॉर्मल लेटर मिलने के बाद कल एक किसान नेताओं की बैठक होगी। जिसमें आंदोलन को स्थगित करने को लेकर कोई निर्णय लिया जाएगा। बता दें कि तीन कृषि कानूनों को रद करने और एमएसपी पर काननू बनाने सहित दूसरे मुद्दों पर समिति गठित करने की घोषणा के बाद केंद्र ने पहली बार मंगलवार को संयुक्त किसान मोर्चा के पास लिखित प्रस्ताव भेजा था। इसमें किसानों की सभी मांगों को मानने का जिक्र है, लेकिन मोर्चा के नेताओं ने उक्त प्रस्ताव का स्वागत करते हुए तीन प्रमुख आपत्तियों के साथ सरकार को वापस भेज दिया था। किसानों की तरफ से उम्मीद जताई गई है कि सरकार उनकी चिंताओं पर विचार कर बुधवार तक अपनी प्रतिक्रिया देगी।

## पीएम आवास योजना के विस्तार को तीन साल की मंजूरी

**नईदिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) को अगले तीन साल के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट के फैसलों पर एक मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि मार्च 2021 से आगे और मार्च 2024 तक विस्तार दिया गया है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में सभी के लिए आवास सुनिश्चित करेगी। केंद्र सरकार ने बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना को अगले तीन साल के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मार्च 2024 तक इसका विस्तार किया है। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में आवास बनाए जाएंगे।

## डब्लूएचओ ने बताया 5 से 14 साल के बच्चों में कोविड संक्रमण ज्यादा

**नईदिल्ली।** दुनिया के 38 मुल्कों में कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वेरिएंट से संक्रमित लोग मिले हैं। इसमें भारत भी शामिल है। इस वेरिएंट ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों की चिंता बढ़ाई है। इस बीच बच्चों पर वायरस के असर को लेकर गहन मंथन जारी है। इधर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के यूरोप कार्यालय ने मंगलवार को कहा कि क्षेत्र में पांच से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों में कोरोना वायरस संक्रमण की दर सर्वाधिक हो गई है।

डब्ल्यूएचओ यूरोप के क्षेत्रीय निदेशक डॉक्टर हैंस क्लुग ने यह भी दलील दी कि टीकाकरण का आदेश बिल्कुल एक अंतिम उपाय होना चाहिए। डॉक्टर हैंस क्लुग ने कहा कि कोविड-19 से होने वाली मृत्यु दर पहले की तुलना में काफी कम बनी हुई है। लेकिन उन्होंने कहा कि मध्य एशिया तक फैले




क्षेत्र के 53 देशों में पिछले दो महीनों में कोरोना वायरस मामले और मौत की संख्या दोगुनी रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कोरोना वायरस के डेल्टा स्वरूप के व्यापक प्रसार से खतरा बना हुआ है और नये ओमिक्रॉन स्वरूप के क्षेत्र के 21 देशों में अब तक 432 मामले सामने आए हैं।

उन्होंने कोपेनहेगन, डेनमार्क स्थित डब्ल्यूएचओ यूरोप मुख्यालय से संवाददाताओं से कहा, ''डेल्टा स्वरूप अब भी समूचे यूरोप और मध्य एशिया में प्रबल है और हम जानते हैं कि कोविड-19 टीके रोग की गंभीरता को कम करने और इससे होने वाली मौत के खतरे को कम करने में प्रभावी बने हुए हैं। क्लुग ने क्षेत्र में बच्चों में तेजी से संक्रमण के मामले बढ़ने के बीच देशों से बच्चों और स्कूलों को सुरक्षित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर वयस्क और वृद्ध आबादी की तुलना में बच्चों में संक्रमण के मामले दो से तीन गुना अधिक हैं। बच्चों में ओमिक्रॉन वेरिएंट के खतरे को लेकर वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन की चीफ साइंटिस्ट सौम्या स्वामीनाथन ने भी चेताया है। स्वामीनाथन ने हाल ही में कहा कि इस वेरिएंट से बच्चों और वैक्सीन ना लेने वाले लोगों में इन्फेक्शन का खतरा ज्यादा है। गंभीर बात यह भी है कि सबसे पहले साउथ अफ्रीका में मिले इस वेरिएंट से अफ्रीका में बच्चे भी संक्रमित हो रहे हैं। एक शुरूआती रिपोर्ट में बताया गया है कि साउथ अफ्रीका में ओमिक्रॉन की वजह से पांच साल के कम बच्चों में हॉस्पिटलाइजेशन की दर बढ़ी है।

## राजीव गांधी के हत्यारे की दया याचिका पर जल्द फैसला ले केंद्र : सुप्रीम कोर्ट बोला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्यारे की जल्दी रिहाई पर जल्द से जल्द फैसला लेने को कहा है। हत्या के दोषी और उम्रकैद की सजा काट रहे एजी पेरारीवलन ने सुप्रीम कोर्ट में जेल से रिहा किए जाने की अर्जी दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में अब अगली सुनवाई के लिए जनवरी माह की तारीख दी है। पेरारीवलन के वकील ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि उसे जेल से रिहा करने की तमिलनाडु राज्य सरकार की सिफारिश पर राज्यपाल के फैसले को रिकॉर्ड में रखा जाना चाहिए। पेरारीवलन ने दिसंबर 2015 में तमिलनाडु के राज्यपाल के सामने संविधान के अनुच्छेद 162 के तहत दया याचिका दायर की थी। पांच सालों की देरी के बाद इसी साल जनवरी में राज्यपाल ने यह मामला राष्ट्रपति के पास भेजने का फैसला लिया था। इसके बाद से ही इस मामले की सुनवाई दो बार टल चुकी है और मंगलवार को पहली बार सुप्रीम कोर्ट ने इसपर सुनवाई की। जस्टिस एल नागेश्वर राव की अगुवाई वाली पीठ ने केंद्र से कहा, 'यह मामला काफी समय से लंबित पड़ा है। निर्णय कीजिए। हम अगले साल जनवरी में इसपर सुनवाई करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने सितंबर 2018 में जनवरी के लिए राज्य सरकार द्वारा की गई सिफारिश के आधार पर जेल से रिहाई की मांग करने वाली एजी पेरारीवलन की याचिका को जनवरी के लिए स्थगित कर दिया।



## निर्मला सीतारमण दुनिया की ताकतवर हस्तियों में शुमार, फोर्ब्स ने जारी की 100 महिलाओं की सूची

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित पत्रिका फोर्ब्स ने दुनिया की शक्तिशाली महिलाओं की लिस्ट जारी कर दी है। इस सूची में देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भी जगह दी गई है। दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की इस सूची में वित्त मंत्री 37वें नंबर पर है। पिछले साल इस पत्रिका ने उन्हें अपनी सूची में 41वें नंबर पर रखा था। इस लिस्ट में वो अपनी अमेरिकी समकक्ष जानेट येलेन से दो स्थान ऊपर हैं। साल 2019 में इस पत्रिका ने निर्मला सीतारमण को 34वें स्थान पर रखा था।

बता दें कि प्रत्येक साल यह अमेरिकी बिजनेस मैग्जीन दुनिया भर की 100 ताकतवर महिलाओं की सूची जारी करती है। इस साल इस लिस्ट में 40 सीईओ के अलावा दुनिया भर की 19 महिला नेता भी शामिल हैं। एक खास बात यह है कि इस लिस्ट में पहले नंबर वन पर



जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल थीं लेकिन इस बार मैकेंजी स्कॉट को पहले स्थान पर रखा गया है। स्कॉट दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति और अमेजन ग्रुप के मालिक जेफ बेजोस की पूर्व पत्नी हैं। साल 2019 में दोनों के बीच तलाक हो गया था। लिस्ट में दूसरे स्थान पर भारतीय मूल की अमेरिका की उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस हैं। यूरोपियन सेंट्रल बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टिन लेगार्डे इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर मौजूद हैं। भारत से निर्मला सीतारण के अलावा ऌउछ ळींल्लङ्म'ङ्मीॅ की चेयरपर्सन रोशनी नाडर को लिस्ट में 52वां स्थान मिला है। नाडर देश की किसी आईटी कंपनी को लीड करने वाली पहली महिला अधिकारी हैं। साथ ही फोर्ब्स की सूची में इङ्क्ष्ङ्मल्ल की फाउंडर और एग्जीक्यूटिव चेयरपर्सन किरण मजूमदार शॉ को भी जगह दी गई है, उन्हें 72वें स्थान पर रखा गया है।

## 15 दिसंबर से शुरू होगा उप्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा का शीतकालीन सत्र आगामी 15 दिसंबर से आहूत किया गया है। विधानसभा सचिवालय की ओर से बुधवार को जारी आदेश के अनुसार यूपी की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा 17वीं विधानसभा के चौथे वर्ष 2021 का चौथा सत्र 15 दिसंबर को दिन में 11 बजे से आहूत किया गया है। समझा जाता है कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले 17वीं विधानसभा का यह अंतिम सत्र हो सकता है। इस सत्र में सत्तापक्ष द्वारा लेखानुदान की मांग को पेश किया जा सकता है। जिससे विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के लिये बजट आवंटन हो सके। सूत्रों के अनुसार कोरोना के खतरे की वजह से विधानसभा का यह सत्र छोटा हो सकता है।

## सुरक्षित सीटों पर मंडल स्तरीय सम्मेलन में सहयोग करे सर्वसमाज : मायावती

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन के आयोजन के बाद अपने परांपरगत वोट बैंक को साधने की कवायद के तहत बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने बुधवार से सुरक्षित सीटों पर शुरू हो रहे पार्टी के मंडल स्तरीय सम्मेलन में सहयोग की अपील की है। मायावती ने ट्वीट किया मेरे निर्देशन में यूपी के सभी जिलों में प्रबुद्ध वर्ग सुरक्षा, सम्मान व तरक्की को लेकर संगोष्ठी करने के बाद अब बीएसपी के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद एससी मिश्र द्वारा यूपी की रिजर्व सीटों पर सर्वसमाज के मण्डल स्तरीय सम्मेलन आज से प्रारंभ। सभी से पूर्ण सहयोग की अपील। उन्होंने कहा इसी क्रम में बुधवार से पश्चिमी यूपी के सहारनपुर मण्डल से प्रारंभ होकर पूरे यूपी में होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय की नीतियों पर आधारित सरकार बनाने के लिए सुरक्षित विधानसभा सीटों पर मण्डल स्तरीय जनसभा के जरिए सर्वसमाज को भाईचारा के आधार पर जोड़ना है। गौरतलब है कि बसपा ने इससे पहले प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलनों का आयोजन किया था। ब्राह्मण और अन्य सवर्णों को पार्टी से जोड़ने के लिए आयोजित इन सम्मेलनों की अध्यक्षता भी बसपा महासचिव सतीश चन्द्र मिश्र ने की थी।



## खबर संक्षेप

### आज लगेगा स्वास्थ्य कैंप

**नैनी।** श्रद्धापुष्प डायग्नोस्टिक एंड पॉलीक्लिनिक सेंटर के द्वारा औद्योगिक क्षेत्र स्थित विमला देवी जूनियर हाई स्कूल आई.टी.आई. गेट महुआरी नैनी में 9 दिसंबर 2021, दिन गुरुवार को निशुल्क कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लेप्रोसी मिशन के चिकित्सक त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. पी. पटेल और जनरल फिजिशियन डॉ. संजय वर्मा एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जय कल्याण यादव एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ टीम उपस्थित रहेगी। यह जानकारी उक्त विद्यालय के निदेशक एवं प्रबंधक सत्येंद्र सिंह ने दी है।

### छात्रवृत्ति फार्म 10 जनवरी तक जमा होगा

**जंघई।** नागरिक पीजी कालेज जंघई में बीए, बीएससी, एमए, बीएड के जो छात्र छात्रायें छात्रवृत्ति फार्म न भर पाये हों वे छात्र छात्रायें अपना फार्म आनलाइन करके प्रिंट दो प्रतियों में कार्यालय में 10 जनवरी तक जमा करके रिसिविंग प्राप्त कर सकते हैं। विदित हो कि रेगुलर कोर्स का मास्टर डाटा फीड नहीं हो पा रहा था जिसको लेकर प्राचार्य डाक्टर राजीव मालवीय एवं कार्यालय अधीक्षक करुणेश त्रिपाठी ने समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन से वार्ता कर फार्म 10 जनवरी तक आनलाइन करने तिथि घोषित की गई।

# राज्य महिला आयोग की सदस्या ने महिला जनसुनवाई में सुनी महिलाओं की पीड़ा, दिए आवश्यक निर्देश

**जनसुनवाई में कुल 32 प्रकरण की सुनवाई हुई, चार प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मा. सदस्या, उ.प्र. राज्य महिला आयोग श्रीमती अनीता सचान के द्वारा बुधवार को सर्किट हाऊस में मिशन शक्ति फेज-3 के अन्तर्गत महिलाओं से सम्बंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विषयक जागरूकता शिविर एवं महिला जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, योजनाओं का लाभ न मिलने, अवैध कब्जे से सम्बंधित शिकायतों सहित अन्य कई शिकायतें सुनवाई के लिए आयी। उन्होंने कहा कि महिला आयोग का गठन पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए ही हुआ है। यदि किसी महिला को न्याय मिलने में कोई परेशानी आ रही है तो वे अपनी समस्या को लेकर महिला जनसुनवाई में जरूर आये। जनसुनवाई में पीड़ित महिलाओं की पूरी सहायता की जायेगी। महिला जनसुनवाई में कुल 32 प्रकरण सुनवाई के लिए आये, जिनमें से 4 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जनसुनवाई में अंजू पाल पत्नी भरत लाल पाल निवासी फाफामऊ सोरांव ने कब्जा दिलाये जाने, विजय लक्ष्मी दुबे उर्फ रूची पुत्री शैलेन्द्र कुमार दुबे निवासी इंदिरा नगर लखनऊ ने जनसुनवाई में अपने पती के दूसरी शादी किये जाने, साधना सिंह पत्नी आदिल सिंह निवासी राजरूपपुर के द्वारा छेड़खानी व लूट किये जाने, प्रियंका केसरवानी पुत्री बृजलाल केसरवानी निवासी मुट्ठीगंज ने घरेलू हिंसा, मन्तशा खानम पुत्री मो0 फाजिल कमर निवासी महेवा नैनी ने महिला उत्पीड़न व भ्रूण हत्या से सम्बंधित शिकायत मा0 सदस्या से की। मा0 सदस्या ने सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों पर गुणवत्ता के साथ त्वरित कार्रवाई करते निस्तारित करने का निर्देश दिया है। साथ ही जनसुनवाई में वृद्धापेंशन, आवास तथा अन्य योजनाओं से सम्बंधित प्रार्थना पत्र दिए गए, जिसपर मा0 सदस्य ने आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है।मा0 सदस्या ने पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई महिला अगर शिकायत लेकर थाने में जाती है, तो पूरी गम्भीरता/संवेदना के साथ महिलाओं की शिकायतों को सुनते हुए आवश्यक कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाये। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि महिला जन सुनवाई में आने वाले शिकायती प्रकरणों के निस्तारण की मानिटरिंग सुनवाई के बाद नियमित रूप से आयोग के स्तर पर की जाती है इसलिए प्रकरणों को बेवजह लम्बित करने तथा पीड़ित महिलाओ को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। इस अवसर पर सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



सर्किट हाउस में महिलाओं की पीड़ा सुनती राज्य महिला आयोग की सदस्या

## न्यूज झरोखा

### उड़ान कैंप का आयोजन : यूनिसेफ एवं विज्ञान फाउंडेशन ने की सहभागिता




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित उड़ान कैम्प का आयोजन आज 8 दिसम्बर को एनी बेसेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज छोटा बघाड़ा, बड़ा बघाड़ा के बड़ा पार्क में, व चाँदपुर सलोरी में किया गया । इस कैम्प का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार के साथ यूनिसेफ व विज्ञान फाउंडेशन मिलकर कर रहा है।उक्त तीनो कैम्प में लगभग 600 कोविड वैक्सीनेशन हुआ। प्रधानमंत्री आवास का फार्म भरा गया, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जानकारी दी गई,महिला कल्याण विभाग से महिलाओ को जागरूक किया गया, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गयीं, एनी बेसेंट स्कूल में कैम्प का उद्घाटन पार्षद नितिन यादव ने किया व जॉन 4 के जोनल अधिकारी ने कार्यक्रम की व्यवस्था देखी। बडा बघाड़ा कैम्प का उद्घाटन पार्षद मंजीत ने किया । तीनो कैंपो में मलिन बस्तियों से लोग निकल कर आये व योजनाओ के लाभ की जानकारी ली।

### 69 हजार शिक्षक भर्ती में नंबर देने की मांग को लेकर प्रदर्शन



**प्रयागराज।** परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में 69 हजार सहायक अध्यापक भर्ती में हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए संशोधित परिणाम जारी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। उत्तरकुंजी के खिलाफ याचिका करने वाले अभ्यर्थियों ने एक-एक नंबर देने की मांग को लेकर परीक्षा नियामक प्राधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों का कहना है कि हाईकोर्ट ने 25 अगस्त को याचिकाकताओं को एक-एक नंबर देने के आदेश दिए थे। लेकिन तीन महीने बीतने के बावजूद आज तक आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। ऐसा न होने से सैकड़ों योग्य अभ्यर्थी परीक्षा में असफल हो गए और शिक्षक भर्ती की रेस से बाहर हैं।

### जंघई गेहूं क्रय केंद्र बना 'घूस का केंद्र', किसानों के फसल की तौल के लिए मांग रहे पैसे




**जंघई।** योगी सरकार भले ही किसानों के हित के लिए तमाम योजनाएं निकाल रही हो लेकिन अधिकारी सरकार की योजनाओं पर बट्टा लगाने से बाज नहीं आ रहे है।प्रतापपुर ब्लॉक का खाद्य एवं रसद विभाग का कार्यालय बाबा नगर जंघई में स्थित है जहाँ पर क्षेत्रीय विपणन अधिकारी बैठते हैं।दूर दराज से किसान अपने अनाज को क्रय केंद्र पर देने आते हैं लेकिन आम किसानों का अनाज नहीं लिया जाता और विचौलियों का अनाज खरीदा जाता है।किसान सुबह आते हैं शाम तक अधिकारियों का इंतजार करने के बाद में थक हार कर उसी रास्ते वापस जाने को मजबूर है।अगर किसी तरह धान का तौल हो भी जाता है तो किसानों की बोरी वापस नहीं की जाती और किसानों का पल्लेदारी के नाम पर आर्थिक शोषण किया जा रहा है।अधिकारी कर्मचारी बिना बिचौलियों के अनाज नही खरीद रहे बिचौलिए किसानों का अनाज कम दाम पर लेकर ऊंचे दाम पर बेचते हैं जिसमें क्रय केंद्र अधिकारियों कर्मचारियों को कमीशन देते हैं।क्रय केंद्रों के बाहर किसानों का अनाज बाहर पड़ा है उसकी कोई भी सुध लेने वाला नहीं है।

# सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (बाबा साहब वाहिनी) का हुआ भव्य स्वागत

**लोगों में रही खुशी की लहर माला पहनाकर तथा मिठाईयां खिलाकर दी बधाई**

अखंड भारत संदेश





सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी का लोगों ने किया भव्य स्वागत बाबा साहेब के मूर्ति पर किया माल्यार्पण

**लेडियारी।** यमुनापार, कोरांव तहसील के अंतर्गत लेडियारी बाजार के निवासी 35 साल से लोगों के हर सुख-दुख में साथ देने वाले गरीबों के मसीहा,पिछड़ों की आवाज,दलितों की उम्मीद, श्रीराम प्रजापति के समाजवादी बाबा साहब वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सपा कार्यकताओं में ही नही बल्कि आमजनमानस में एक अलग ही खुशी चेहरे पर देखने को मिल रही थी। आपको बता दें कि जैसे ही क्षेत्र वालों को पता चला कि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीराम प्रजापति अपने निजी निवास लेडियारी की धरती पर पधार रहे हैं, सैकड़ों की संख्या में लोग हाथों में मिठाइयों के रूप में उम्मीद लेकर,उनकी आवाज को ऊपर ले जाने की उम्मीद के रूप में हाथों में माला लेकर जगहों जगहों पर तैयार खड़े थे, बस निगाहें देख रही थी कि हमारी उम्मीद हमारे सहारा श्रीराम प्रजापति कब आ रहे हैं। जैसे ही वो नारीबारी टोंस नदी के पुल के पास पहुंचे लोगों को पता चला वही से उनके समर्थक उनके स्वागत के लिए पहुंच गए और पुरजोर और भव्य स्वागत किया, और नारे के साथ उनके आवास तक लोग आए। श्रीराम प्रजापति ने मा. अखिलेश यादव ( राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी) एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए उपस्थित लोगों के प्यार और आशीर्वाद को धन्यवाद ज्ञापित किए । उनके स्वागत में मुख्य रूप से सामाजिक कार्यकर्ता रमाशंकर प्रजापति, विमल किशोर निषाद जिला उपाध्यक्ष पिछ्ला प्रकोष्ठ, राजेश केशरी रज्जे, ओमप्रकाश कुशवाहा विधानसभा अध्यक्ष कोरांव बृजनंदन प्रजापति बांदा, रामाश्रय प्रजापति,राधेश्याम यादव, अजय सिंह, ओपी यादव(जिला उपाध्यक्ष चंद्र निषाद गंगा प्रहरी सभी अपनी अपनी टीम के साथ पुरजोर और भव्य स्वागत किया जिसमे एक अलग ही खुशी देखने को मिल रही थी।

## सपा बूथ कमेटी सेक्टर पनासा की बैठक एम एल पब्लिक स्कूल कटका में आज

**बूथ प्रभारियों के साथ बैठक में सपा विधायक करछना शिरकत करेंगे**

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत पनासा बूथ कमेटी सेक्टर प्रभारियो की बैठक गुरुवार को जिसमें बूथ कमेटी सेक्टर पनासा ,मेड़रा ,कटका देहली भगेशर ,की बैठक करछना विधायक कुंवर उज्जवल रमण सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई है आयोजक विनोद कुशवाहा स्थान एम एल पब्लिक स्कूल कटका में समय ११बजे जिसमें आप सभी क्षेत्र के सम्मानित जनता समाजवादी पार्टी कार्यकताओं की उपस्थिति बहुमुल्य है, उक्त आशय की जानकारी सपा के नेता और पूर्व प्रधान मेडरा संतोष पाण्डेय कार्यक्रम सभी सपा कार्यकताओं को बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

## धान खरीद के लिए बड़े काश्तकार इस्तेमाल कर रहे गांव की भोली जनता का आधार व खाता

**जसरा।** गांव के अनपढ़ और भोली जनता बड़े काश्तकारों की हो रही है शिकार। धान खरीद के लिए बड़े-बड़े काश्तकार उपयोग कर रहे हैं भोली भाली ग्रामीणों की आधार व खाता । जिसमें ग्रामीणों को पता नहीं होता और उनका कट जाता है राशन कार्ड से मिलने वाली सारी सुविधाएं। पांडर गांव के कोटवारन पुरवा निवासी मुन्नालाल ने आरोप लगाते हुए बताया है कि उन्होंने अक्टूबर सन 2021 में राशन सस्ते गल्ले की दुकान से उठाया था ।

जब वह नवंबर माह का गल्ला लेने कोटेदार के यहां गया तो बताया गया कि उसका कार्ड निरस्त कर दिया गया है। जिसकी जानकारी के लिए उसने जब संपर्क किया तो बताया गया कि उसके आधार संख्या से धान का लंबा खरीद-फरोख्त हुआ है। जिसके चलते उसका नाम राशन कार्ड से बाहर कर दिया गया। मुन्नालाल ने आरोप लगाते हुए बताया है कि ना उन्होंने कभी अपना आधार किसी को दिया है ना ही उनके बैंक के खाते से इस तरह का किसी तरह का लेनदेन हुआ है। उनके नाम पर किसी तरह की कोई खतौनी भी नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों तथा एसडीएम बारा को प्रार्थना पत्र दे करके प्रकरण की जांच कराए जाने की मांग किया है और राशन कार्ड की मिलने वाली सभी सुविधा भी बहाल किए जाने की मांग उठाई है।

# जांच के नाम पर खानापूर्ति किया गठित जांच टीम ने

अखंड भारत संदेश




जांच के नाम पर खानापूर्ति करते गठित जांच टीम

**प्रतापपुर।** विकास खंड के भोगवारा ग्रामसभा मे कार्यरत ग्राम पंचायत सचिव सोना देवी वर्मा के खिलाफ गाँव के ही शिकायतकर्ता अधिवक्ता जय प्रकाश पांडेय द्वारा पंचायत सचिव पर भोगवारा ग्रामसभा में व्यापक स्तर पर सरकारी पैसों का दुरुपयोग कर और पैसा लेकर अपात्र लोगो को पात्र घोषित करने के सम्बंध में परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण प्रयागराज को लिखित रूप से शिकायत कर दोषी पंचायत सचिव पर कार्यवाही करने की माँग की गयी थी।परियोजना निदेशक प्रयागराज ने दिनांक 29 नवंबर को खंड विकास अधिकारी प्रतापपुर को 3 सदस्यीय कमेटी गठित कर पंचायत सचिव सोना देवी वर्मा के विरुद्ध जांच करने हेतु निर्देशत किया गया था जिसमे स्पष्ठ था कि जांच शिकायतकर्ता को सूचित करते हुए उनकी उपस्थिति में की जाये।परन्तु शिकायतकर्ता का आरोप है कि बिना किसी पूर्व सूचना के आरोपित पंचायत सचिव सोना देवी वर्मा के साथ जाँच टीम के सदस्य एक ही कार में बुधवार को भोगवारा ग्रामसभा में पहुँच कर जांच के नाम पर महज खानापूर्ति कर वापस लौट गई।जांच की सूचना पर पहुँचे शिकायतकर्ता एवं ग्रामीणों ने बताया पंचायत सचिव छोटे-छोटे काम हेतू धन की माँग करती है जिसको लेकर जिसको लेकर लोगो मे रोष व्याप्त है।मौके पर कमला प्रसाद पांडेय,हनुमंत लाल बिंद,पंकज पांडेय,रामकृष्ण पांडेय,दीपक यादव,सत्येन्दू पांडेय,श्यामकृष्ण सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे। पहले आपत्र बाद में पात्र लिस्ट में शामिल किया। शिकायतकर्ता जय प्रकाश पांडेय ने शिकायत पत्र में जिक्र करते हुए बताया कि ग्रामसभा के ही दिनेश चंद्र पांडेय को प्रधानमंत्री आवास के लिए पंचायत सचिव ने पहलेअपात्र घोषित कर दिया वही पैसा लेने के बाद पात्रता श्रेणी में नाम शामिल कर दिया।दोनों रिपोर्ट उनके पास उपलब्ध है। शिकायतकर्ता के अनुसार भोगवारा ग्रामसभा के ही मनोज कुमार शुक्ला जो कि प्रतापपुर में ही बोरिंग टेक्नीशियन/अवर अभियंता लघु सिंचाई के पद पर थे और ग्रामसभा के सेक्टर प्रभारी भी थे।उनके पद और प्रभाव में आकर तत्कालीन प्रधान के साथ मिलीभगत कर मनोज शुक्ला के दोनों बेटों को शौचालय और एक सोख्ता दिया गया था।जिसका निर्माण भी नही कराया गया पंचायत सचिव द्वारा 10 वर्ष पूर्व बने शौचालय को दिखाकर फर्जी रिपोर्ट लगा दी गयी।

## यमुनापार के भाजपाइयों मे सीडीएस विपिन रावत के मौत पर शोक की लहर

**लेडियारी।** तमिलनाडु के कुन्नूर के करीब सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश हो जाने से हुई मौत की खबर से पूरा देश स्तब्ध है। इसमें सीडीएस जनरल बिपिन रावत व उनकी पत्नी समेत 14 लोग सवार थे,प्रयागराज के यमुनापार के भाजपाइयों को जैसे दुर्घटना की जानकारी हुई तो देश के साथ-साथ यमुनापार मे भी शोक की लहर दौड़ पड़ी। जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती, वरिष्ठ भाजपा नेता विभूति नारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी,जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी, एवं सह मिडिया प्रभारी के के मिश्रा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह आदि ने बहादुर देशभक्त महान सैनिक सीडीएस विपिन रावत व उनकी पत्नी और उनके साथ मृत्यु को प्राप्त सभी सैनिकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट मौन रखा। ईश्वर से दिवगंत के परिजनो को अटूट दुःख सहने की शक्ति और सम्बल देने की ईश्वर से प्रार्थना किया।

# श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के मंत्रोचार से गुंजायमान हो उठा कुंदौरा महादेव धाम



श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में मंत्रोच्चार करते आचार्य

अखंड भारत संदेश

**धनूपुर।** कुंदौरा महादेव धाम मे श्री श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ मे मंत्रोच्चारण पूरा क्षेत्र से गुंजायमान हो रहा है।लक्ष्मी एवं विष्णु भगवान के 7 नामों के साथ मुख्य यजमान व अन्य भक्तों ने यज्ञ में आहुति डाली कुंदौरा महादेव ट्रस्ट के तत्वाधान में आयोजित महायज्ञ में मुख्य यजमान अशोक तिवारी और हरिप्रसाद मिश्रा के अलावा श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। यज्ञाचार्य ने सभी को मां लक्ष्मी और विष्णु भगवान का ध्यान कराकर आहुतियां डलवाई भक्तों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने को लक्ष्मी नारायण भगवान से जोड़ा।ब्रह्म ऋषि के देखरेख में हो रहे महायज्ञ में कहा कि महायज्ञ का आयोजन होने से सर्व देवी देवता एवं सारे तीर्थ विराजमान होते हैं। शास्त्रोक्त इस आधार से यज्ञ मंडप परिक्रमा करने से मनोवांछित फल मिलता है। हिंदू शास्त्र में मंडप परिक्रमा के संबंध में वर्णित है जो व्यक्ति जिस कामना लेकर परिक्रमा करते हैं वे वैसा ही प्राप्त करते हैं।यज्ञ के बाद हुई श्रीमद्भागवत कथा में महाराज श्रीधराचार्य के मुख्यबिंदु से कहा कि सूर्य भगवान की सुबह 108 नामों से श्रद्धा भाव से की गई पूजा सफल होती है उन्होंने कहा कि भगवान सूर्य को प्रातः अर्ध्य देना चाहिए इससे धन यश और वैभव की प्राप्ति होती है कहा कि सूर्य भगवान सारे संसार को समान भाव से ऊर्जा व प्रकाश देते हैं। कुंदौरा प्रधान हरीप्रसाद मिश्र और अशोक तिवारी ने धर्म अनुरागियों से आभार जताते हुए कहा कि यज्ञ और कथा में शामिल हो।इस कार्यक्रम में आचार्य जितेंद्र पाण्डेय, राहुल त्रिपाठी, काशीनाथ शुक्ला, रोहित तिवारी, रंजीत तिवारी, कृष्णा पाण्डेय, प्रशांत यादव सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## भागवत कथा मोक्षदायिनी है : आचार्य मधुप जी



कथा प्रवचन करते आचार्य मधुप जी

**करछना।** करछना के भडेवरा गांव में इंटरप्राइजेज पूवार्सी उत्थान समिति की ओर से जन कल्याण हेतु चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा को श्रवण करने के लिए भक्त श्रोता जनों की भीड़ जुट रही है । कथावाचक के रूप में व्यासपीठ पर विराजमान कौशांबी के इमली गांव से पधारे कथा व्यास पं विद्याधर त्रिपाठी शास्त्री मधुप जी ने बुधवार को भागवत की मंगलाचरण से कथा प्रारंभ की। उन्होंने धुंधकारी व गोकर्ण की कथा विस्तार से कही। उन्होंने सत चित और आनंद के सहित भक्ति ज्ञान और बैराग्य को समझाते हुए कहा कि भागवत कथा मोक्षदायिनी है । उन्होंने कथा श्रवण करने व मनन करने पर भक्त जनों से विशेष बल दिया । मुख्य श्रोता यजमान ललिता देवी ने भागवत भगवान सहित कथा व्यास के अलावा सभी आचार्य जनों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया । कथा के आयोजक राम बल्लभ ओझा संयोजक प्रभा कांत ओझा व व्यवस्थापक कृष्ण बल्लभ ओझा ने सभी भक्त जनों के प्रति आभार जताया । वहीं संगीतज्ञ कलाकारों ने अपने संगीत के वाद्य यंत्रों के माध्यम से भक्ति गीतों से लोगों को आह्लादित कर दिया। इस मौके पर पं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी पं कृष्ण देव द्विवेदी रमाकांत शुक्ल पवन कुमार मिश्र त्रिलोकी त्रिपाठी राघवेंद्र मिश्र ननकऊ रमाशंकर शुक्ल देवी प्रसाद तिवारी विजय कुमार ओझा सोनू ओझा शिवराम मिश्र बेनी माधव मिश्र श्याम नंदन तिवारी गोमती प्रसाद शुक्ल कमलेश ओझा छोटेलाल मिश्र सतीश चंद्र तिवारी मनमोहन मिश्र आदित्य नारायण मिश्र राजमणि विश्वकर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत निरिया वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत निरिया विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 08-09-2021 से दिनांक 16-09-2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत निरिया में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 24-09-2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 24-09-2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | मुन्ना लाल के घर से राम राज के घर तक नाली निर्माण कार्य | 3 लाख | 15 दिन |
| 2. | राजकुमार के घर से तालाब तक अंडर ग्राउण्ड नाली कार्य | 2 लाख | 15 दिन |
| 3. | सरकारी स्कूल में कायाकल्प का कार्य | 2 लाख | 15 दिन |
| 4. | अनिरूद्ध के घर से उमाकांत के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2 लाख | 15 दिन |
| 5. | बृजेश के घर से पक्की सड़क तक इंटरलाकिंग कार्य | 2 लाख | 15 दिन |
| 6. | ओम प्रकाश के घर से निरंजन के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2 लाख | 15 दिन |

अमृत लाल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत निरिया
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2020-21/ दिनांक

मनीष कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत निरिया
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## खबर संक्षेप

### 80 निर्धन बच्चों को प्रधानाचार्य ने दिया स्वेटर

प्रयागराज। राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वीके सिंह ने स्कूल के 80 निर्धन, असहाय और अनाथ बच्चों को जाड़े के मद्देनजर बुधवार को सरदार पटेल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में निःशुल्क स्वेटर वितरित किया। साथ ही उन्हें पढ़ाई में हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उप प्रधानाचार्य डॉ. अब्दुल कादिर, प्रभारी राकेश निर्मल, सहायक अध्यापक रणजीत सिंह, दिलीप दिवाकर और अद्वैत नारायण आदि रहे।

### पुल से कूदने वाली युवती का नहीं लगा सुराग

**प्रयागराज।** नैनी पुल से कूदने वाली युवती का बुधवार को भी सुराग नहीं लगा। गोताखोर सुबह से ही लगे रहे लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली। पुलिस ने भी मान लिया है कि किसी ने फर्जी सूचना दी थी। दरअसल मंगलवार शाम को एक युवक ने सूचना दी कि एक लड़की ने नए यमुना पुल से छलांग लगा दी है। नाम पता भी बता दिया गया। पुलिस भी सक्रिय हो गई लेकिन कुछ ही देर में जानकारी मिली की युवती फाफामऊ में हैं। जिस युवक ने सूचना दी थी उसका कहना था कि उसने पुल से कूदते हुए नहीं देखा था। बल्कि नदी में डूबते हुए देखा था। युवती की छानबीन में जुटे गोताखोर मनोज निषाद ने बताया कि कूदने की कहीं से पुष्टि नहीं हुई। तलाश चल रही है।

# पत्रकार पर फर्जी केस दर्ज करने के विरोध में बारा विधायक समर्थको संग बैठे धरने पर

## घर से निहत्थे पकड़ कर तमंचा और कारतूस दिखाकर पत्रकार को जेल भेजे जाने का मामला

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** घर से निहत्थे पकड़ कर तमंचा और कारतूस दिखाकर एक पत्रकार को जेल भेजे जाने से नाराज विधायक बारा डॉ अजय कुमार ने अपने सैकड़ों समर्थकों संग घूरपुर थाने पहुंच धरने पर बैठ गए । लगभग डेढ़ घंटे बाद एसपी यमुनापार थाने पहुंचे और धरने पर बैठे विधायक से बात चीत की तो विधायक ने एसओ को निलंबित करने की मांग की साथ ही फर्जी तरीके से जेल भेजे गए पत्रकार की मामले की जांच की मांग की । जिस पर एसपी ने आश्वस्त किया तब जाकर विधायक समर्थकों के साथ धरने से हटे।

घूरपुर थाना क्षेत्र के उमरी गांव निवासी देवकृष्ण द्विवेदी विगत 20 दिन पूर्व अपने घर मे करछना के युवक को पकड़कर उसके पास तमंचा पकड़े जाने की सूचना दी थी । साथ पकड़े गए युवक का हाथ बांध जेब मे तमंचा रखकर वीडियो बनाकर वायरल भी कर दिया था । जिसे पुलिस अधिकारियों ने संज्ञान लिया था और जांच करवाया तो मामला स्पस्ट नहीं हो पाया । मंगलवार के दिन घूरपुर पुलिस ने उक्त पत्रकार देवकृष्ण द्विवेदी को घर से निहत्थे पूरे गांव के सामने से पकड़ थाने लाया और फर्जी तरीके से लिखा पढ़ी मे बुधवार के दिन दो कारतूस और एक तमंचा दिखाकर केस दर्ज कर जेल भेज दिया। देवकृष्ण को फर्जी तरीके से जेल भेजने की सूचना पर परिजनो और अन्य आक्रोशित पत्रकारों ने बारा विधायक डॉ अजय को देकर न्याय किए जाने की मांग की। तो थानेदार से बातचीत किए तो थानेदार अपनी मनमानी पर ही रहे जिससे नाराज विधायक पीड़ित पत्रकार को न्याय दिलाने और एस ओ कों निलंबित करने की मांग करते हुए अपने सैकडों समर्थकों के साथ विधायक डॉ अजय घूरपुर थाने पहुंच गए और दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए । विधायक के धरना पर बैठने की सूचना जिले के पुलिस अधिकारियों को हुई तो हड़कम्प मच गया । लगभग डेढ़ घंटे बाद एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित घूरपुर थाने पहुंचे और धरने पर बैठे विधायक से बात किये तो विधायक ने आरोप लगाया कि जब देवकृष्ण को पकड़ा गया तो उसके पास कोई तमंचा नहीं था ,लेकिन जब जेल भेजा गया तो उसके पास तमंचा कहा से आया इसकी जांच होनी चाहिए ।और एसओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए ।जिस पर एसपी ने भरोसा दिलाया कि एसएसपी से बात कर निष्चित ही कार्रवाई की जाएगी । एसपी के अस्वासन पर विधायक समर्थकों के साथ हटे। और चेतावनी दी कि यदि निलंबित नहीं किया गया तो भारी संख्या में समर्थको के साथ धरना पर बैठा जायेगा।



थाने पर धरने पर बैठे विधायक से बातचीत करते एसपी यमुनापार



### नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज के तत्वावधान में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का कार्यक्रम संपन्न

**प्रयागराज।** नेहरु युवा केंद्र भाषण प्रतियोगिता का विकास भवन के सरस सभागार में संपन्न हुआ। भाषण प्रतियोगिता का विषय देशभक्ति एवं राष्ट्र निर्माण रहा जिसकी थीम सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास रहा। कार्यक्रम का आयोजन गणतंत्र दिवस 2022 समारोहों की श्रृंखला में किया जा रहा है। प्रत्येक जिले के ब्लॉक स्तरीय भाषण प्रतियोगिताओं के चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तर पर प्रतिभाग का मौका दिया गया। निर्णायक मंडल के सदस्यों डा ० प्रिय सोनी खरे, प्रोफेसर, सी एम पी डिग्री कॉलेज, डा ० सच्चिदानंद त्रिपाठी, जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रयागराज, श्री कमलेश नारायण दुबे, सेवानिवृत्त , उप निदेशक, नेहरू युवा केंद्र संगठन के द्वारा संयुक्त रूप से परिणाम जारी करते हुए जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के प्रथम , द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर क्रमशः रहे। विजेताओं को प्रोत्साहन के लिए पुरस्कृत किया गया । प्रथम स्थान पर प्रगति तिवारी, द्वितीय स्थान अभिनव पांडे तथा तृतीय स्थान तनु केसरवानी रहे । विजेताओं को क्रमशः 5000 , 2000 तथा 1000 रुपए की धनराशि से नेहरू युवा केंद्र द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तर के प्रथम विजेता को राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग का अवसर दिया जाएगा तथा राज्य स्तर के विजेता को गणतंत्र दिवस के समारोहों के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेंगे ।कार्यक्रम का निर्देशन कर रही जिला युवा अधिकारी जागृति पांडेय ने सभी प्रतिभागियों को देशभक्ति के इस पावन अवसर की श्रृंखला में हिस्सा लेने के लिए प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम का संचालन जिला परियोजना अधिकारी सुश्री ऐषा सिंह तथा राज्य प्रशिक्षक श्री महेश द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम प्रबंधन में लेखा एवं कार्यक्रम सहायक, अदनान खान तथा स्वयं सेवक रितिका श्रीवास्तव, अमन कुमार रहे। प्रीति, हिमांशु, वंदना, गुड़िया, राम अवध कुशवाहा, गणेश बल्लभ, कुलदीप इत्यादि स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# करछना विधान सभा में कांग्रेस नें चलाया सदस्यता अभियान

अखंड भारत संदेश

**करछना।** राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी के आवाहन पर सदस्यता अभियान को गति प्रद्रान करने के लिए करछना विधानसभा के जगौती स्थित श्रीमती इन्दिरा गांधी विद्यालय में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव मकसूद खान ने पुरुषों व महिलाओं को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई प्रदेश कांग्रेस सचिव व प्रारयागज जमुना पार के प्रभारी वसीम अंसारी जी व यमुना पार के संघर्षशील जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी जी ने भी अनेक गाम सभाओं के पुरुष व महिलाओं को भी ,सदस्यता दिलाई सदस्यता लेने वाले महिला पुरुषों में पस़न्नता व उत्साह दीखाई दे रहा था जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव डा दिनेश कुमार सोनी ने उपस्थित सभी लोगों का आभार पक ट किया व सदस्यता अभियान में बढ चढ कर हिस्सा लेने के लिए आगह व अपील किया बैठक में सदस्यता को गति देने की अपील करने वालों में बब्लू शुक्ल जिला उपाध्यक्ष रजनीश एडो अस्फाक अहमद रंग राज सिंह जितेन्द्र तिवारी सुनील पटेल रितेश राना सुरेश कुमार पटेल राम छबि ले मिश्र र्तिपुरी मिश्रआनन्द पाण्डेय राम अनुग्रह मिश्रमिश्रज माताम्बर मिश्र बब्लू दुबे मो जान सुरेश कन्नौजिया बिद्याधर मिश्र एडो राजु कान्त,दुबे जी सरोज मिश्रा,कार्य कम का संचालन पक ाश पाण्डेय एडो ने किया।



करछना विधानसभा के जगौती स्थित श्रीमती इंदिरा गांधी विद्यालय में कांग्रेस ने चलाया सदस्यता अभियान

### जया के पिता बोले, दर्ज कराएंगे एफआईआर, बेटी को नहीं थी कोई बीमारी

**प्रयागराज।** मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) में एमटेक अंतिम वर्ष की छात्रा जया पांडेय की मौत का मामला उलझता ही जा रहा है। छात्रा के पिता विजय कुमार ने संस्थान प्रबंधन और पुलिस पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कहा है कि उनकी बेटी को कोई बीमारी नहीं थी। पुलिस ने भी सक्रियता नहीं दिखाई। इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। वह बेटी की मौत की एफआईआर भी दर्ज कराएंगे ।जया मूल रूप से बिहार के रोहतास जनपद स्थित धरकंदा थाना क्षेत्र के दावद की रहने वाली थी। वर्तमान में वह एमटेक फाइनल ईयर की पढ़ाई कर रही थी और एमएनएनआईटी के आईएचबी गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी। उसके पिता विजय कुमार सामाजिक कार्यकर्ता हैं। शनिवार रात दो बजे के करीब पिता के पास एमएनएनआईटी से फोन कर बताया गया कि जया की तबीयत अचानक बिगड़ गई है और उसे अस्पताल ले जाया जा रहा है 'रविवार सुबह वह प्रयागराज पहुंच गए। यहां जानकारी मिली कि जया को सिविल लाइंस स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दोपहर में उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने बताया कि वह जिस हाल में अस्पताल लाई गई, उससे यही लग रहा है कि उसने बीपी कम करने की 40-45 गोलियां खा लीं ।इसी के चलते अचानक उसका बीपी लेवल बहुत कम हो गया और हार्ट अटैक की वजह से उसकी मौत हो गई। पिता विजय कुमार के मुताबिक, चीफ वार्डन ने भी यही बताया था कि रात में जया ने ब्लडप्रेशर बढ़ने पर दवा खाई थी और इसके बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ गई। लेकिन विजय का कहना है कि जया को तो कोई बीमारी ही नहीं थी।

### ओ टी एस के तहत उपभोक्ता को किया गया जगरूक

**सिरसा।** मेजा 33/11केवी सब स्टेशन फस्ट बरी सिरसा पावर हाउस के ग्राम पंचायत बरी में विद्युत विभाग नोडल अधिकारी राज मणि यादव (टीजीटु)एवं दयाशंकर बिंद(टीजीटु) ग्राम पंचायत बरी में घर-घर बिजली बिल पहुंचाकर ओटीएस के तहत उपभोक्ता को जगरूक करते हुए लाइनमैन धर्मेंद्र कुमार, हीरालाल पटेल,अनिल यादव,अजीत कुमार, संजय कुमार, एवं मीटर रीडर अजय कुमार उपभोक्ता के घर-घर जाकर बिल की सूचना दिए और मीटर रीडिंग लिए और उपभोक्ता को बिल दिया जा रहा हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मनैया वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत मनैया विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 17–09–2021 से दिनांक 30–09–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत मनैया में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 08–10–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 08–10–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | मनैया गाँव में मनरेगा पार्क का निर्माण कार्य | 16 लाख | 2 माह |

मंजू द्विवेदी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मनैया
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2020-21/ दिनांक

शिव ओम चौधरी
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मनैया
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को एसडीएम करछना कराया ने संपन्न



उपजिलाधिकारी करछना एवं उपस्थित प्रधानाचार्य

अखंड भारत संदेश

**करछना।** बुधवार को परमेश्वर दिन मिश्र इंटर कॉलेज बेनीपुर पीढ़ी करछना प्रयागराज में शत- प्रतिशत मतदान कराने के लिए एक कार्यक्रम उप जिला अधिकारी करछना श्रीमती अमृता सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। उप जिलाधिकारी महोदया ने सभी छात्र -छात्राओं को अपने घर के सभी मतदाता सदस्यों को शत- प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय के छात्र छात्राओं को लोकतंत्र का महत्व बताते हुए सही प्रतिनिधि चुनने की सलाह दिया कार्यक्रम में उपस्थित तहसीलदार करछना रमेश चंद्र पांडे ने छात्र -छात्राओं को शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु प्रेरित करने के लिए शपथ दिलाई और प्रत्येक मत का महत्व समझाया कार्यक्रम में स्वीप प्रभारी यमुनापार शेषनाथ सिंह ने मतदाता पंजीकरण में प्रयुक्त होने वाले सभी फार्मो की जानकारी दी तथा शत-प्रतिशत मतदान करने तथा कराने हेतु प्रथम बार मतदाता बने युवाओं को मतदान हेतु प्रेरित किया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार तिवारी ने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार तथा स्वीप प्रभारी यमुनापार शेषनाथ सिंह को गुलदस्ता तथा माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य अंजनी कुमार सिंह ,शेषमणि , अंजनी कुमार , मिथिलेश कुमार ,प्रवीण कुमार द्विवेदी , शैलेंद्र कुमार शुक्ल,मनोज कुमार शुक्ल, राम कैलाश यादव , अयोध्या प्रसाद ,गोरेलाल मिश्र श्रीमती मधु मिश्र,आशुतोष मिश्र ,रूद्र देव तिवारी ,श्रीमती नीलम तिवारी एवं समस्त छात्र-छात्रा और अभिभावक उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सोनाई वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत सोनाई विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 02–12–2021 से दिनांक 15–12–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सोनाई में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 25–12–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 25–12–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | गिरिजा शंकर के घर से नाली अंडर ग्राउण्ड एवं इंटरलाकिंग कार्य | 2.00 लाख | 2 माह |
| 2. | लल्लू के घर से यादव बस्ती तक इंटरलाकिंग कार्य | 2.50000 लाख | 2 माह |
| 3. | नहर से केशव के घर तक नाली व पटिया मरम्मत कार्य | 2.00 लाख | 2 माह |

श्रीमती मंजूलता श्रीवास्तव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सोनाई
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2020-21/ दिनांक

आदित्य पौडवाल
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सोनाई
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


# कौधियारा ब्लाक संसाधन केंद्र में नोडल शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न




प्रशिक्षण में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी

अखंड भारत संदेस

**करछना।** बुधवार को ब्लाक संसाधन केंद्र कौधियारा में ब्लाक स्तरीय शारदा आउट आफ स्कूल का तीन दिवसीय नोडल शिक्षक प्रशिक्षण का समापन हुआ। इस प्रशिक्षण के द्वारा नोडल शिक्षको को आउट आफ स्कूल बच्चों का चिह्नीकरण, उनके आयु संगत नामांकन एवं उनका उपचारात्मक शिक्षण कर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के बारे मे प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा गतिविधियों के माध्यम से फीडबैक दिया गया। सभी प्रशिक्षित नोडल शिक्षक आउट आफ स्कूल बच्चों के शिक्षण हेतु कृत संकल्पित होकर अपने विद्यालयों को प्रस्थान किए। सदर्भदाताओं अप्द्ध शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल, अनुराग पाण्डेय, विनोद कुमार मल्ल, अनिल कुमार सिंह और नवीन कुमार पांडेय द्वारा प्रशिक्षण के विभिन्न चरणो का क्रम वार सम्पादन किया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मनैया वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत मनैया विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 08–12–2021 से दिनांक 18–12–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत मनैया में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 25–12–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 25–12–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | स्मृतिवन की घेरा बन्दी कार्य | 3.99 लाख | 2 माह |

मंजू द्विवेदी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मनैया
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2020-21/ दिनांक

शिव ओम चौधरी
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मनैया
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# लूट-खसोट की सरकार है डबल इंजन की सरकार

## जिले में हुई सपा के समर्थन में जनसंदेश यात्रा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी के समर्थन में जन संदेश यात्रा रामनाथ गोंड प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, अरविंद गोंडवाना उत्तर प्रदेश प्रभारी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी व मदन गोंड सह प्रदेश प्रभारी उत्तर प्रदेश गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी कार्यालय मीरा भवन पर पहुंची।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के रामनाथ गोंड ने कहा कि उत्तर प्रदेश की डबल इंजन की सरकार सिर्फ लूट खसोट की सरकार है। भ्रष्टाचार चरम पर है। जिस तरह से लखनऊ में अभ्यर्थियों को रोजगार देने की जगह लाठीचार्ज किया जा रहा है। जिसका जवाब 2022 में समाजवादी सरकार बनाकर दिया जाएगा और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का यह नारा है रोटी कपड़ा और मकान सबको शिक्षा सबको काम। उन्होंने कहा कि संविधान के साथ खिलवाड़ कर संविधान को बदलने की साजिश हो रही है। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव, महिमा गुप्ता, सुषमा पाल, संतोष यादव, गुलफाम खान, इरफान खान, राजकुमार यादव, शेर बहादुर यादव, राम बचन यादव, समीम खान, मुन्ना ककरहा, मनीष पाल, प्यारेलाल खैरा, राजू यादव, राजीव यादव सोखा, जुनैद खान, इरशाद कुरैशी, संजीव पटेल, सफात उल्ला, महसर, हिमांशु शुक्ला, मीडिया प्रभारी वकार अहमद सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।



रामनाथ गोंड का स्वागत करते सपा के पदाधिकारीगण।

## बाइक चोरी के प्रयास मे आरोपी की धुनाई, पूछताछ मे जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मांगलिक कार्यक्रम मे बाइक चोरी का प्रयास करना बारात आये युवक को मंहगा पड़ गया। कार्यक्रम मे शामिल लोगों के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने आरोपी को बाइक समेत धर दबोचा। ग्रामीणो ने आरोपी की पिटाई भी कर दी। सांगीपुर थाना के देउम पश्चिम के चैधरी का पुरवा मे मंगलवार की रात बंशीलाल वर्मा की पुत्री की शादी थी। बारात मे ही आये एक आरोपी द्वारा दूल्हे के रिश्तेदार की बाइक चोरी कर ले जाने का प्रयास किया गया। आरोपी बाइक लेकर भागने लगा तो कार्यक्रम मे मौजूद लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। इस पर ग्रामीणो ने आरोपी को बाइक सहित दौडाकर धर दबोचा। गुस्साये ग्रामीणो ने आरोपी की पिटाई भी कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर सांगीपुर पुलिस आ गयी तब ग्रामीणो ने आरोपी राधेश्याम वर्मा के पुत्र भोले वर्मा निवासी बडगांव थाना अंतू को पुलिस के हवाले कर दिया।

# भगवान श्रीराम की कृपा से जीवन हो जाया करता है धन्य- प्रकाशचंद्र महराज

## श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव मे राम जन्मोत्सव पर भावविभोर हुए श्रद्धालु

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज के खेल मैदान पर हो रही संगीतमयी श्रीराम कथा मे बुधवार को श्रीराम जन्मोत्सव पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे दिखे। भये प्रकट कृपाला, दीन दयाला की संगीतमयी अमृतकथा मे श्रद्धालु महिलाओं मे भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर मंगलगान की भी सुमधुर प्रस्तुती दी।

वहीं कथाव्यास अयोध्या से पधारे प्रकाशचंद्र जी महराज ने कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म धरती के कण-कण को मंगल का सुमंगल दे गया है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा से अभिसिंचित जीवन ही धराधाम पर पवित्र है। उन्होनें कहा कि भगवान राम ने अपनी तप और साधना तथा अहंकार से धरती को मुक्त रखने के लिए मयार्दा का संवरण प्रदान किया है। कथा व्यास प्रकाशचंद्र जी ने कहा कि श्रीराम के नाम का स्मरण मात्र ही कलियुग का सबसे बड़ा सुमंगलदायी प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक जीवन का ध्येय सदैव सत्य के वरण का श्रृंगार किया करता है। संयोजक संकल्पदास जी महराज के प्रबंधन मे श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी की आरती वंदना की। संचालन शक्ती नारायण जी ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्राचार्य डा. शैलेन्द्र मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, शिवकृपाल शुक्ल, डा. फणीन्द्र नारायण मिश्र, डा. गंगाधर मिश्र, हरिमोहन जायसवाल, नरेन्द्र तिवारी, राजेश सिंह, भानू सिंह, अनिल महेश, सविता उपाध्याय आदि ने कथाव्यास का रोली चंदन से श्रीअभिषेक किया। श्रीराम जन्मोत्सव पर अयोध्या धाम से पधारे संतो की मण्डली के संगीतमयी भजनों पर भी कथास्थली राममय हो उठी दिखी।

## तीन आरोपियों के खिलाफ धमकी व गालीगलौज का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। कोतवाली के भटनी निवासी इंद्र नारायण के पुत्र संतोष तिवारी ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दो दिसंबर को परिवार के रामकुमार तिवारी तथा रामकुमार की पत्नी ऊषा व रामकुमार की पुत्री अर्चना ने रंजिश को लेकर उसे डण्डे से मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपियो ने गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी।

# प्रियंका गांधी से मिले नीरज, प्रतिज्ञा पत्र को जन-जनपहुंचाने का दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के बुलावे पर युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं 248 प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र के घोषित प्रत्याशी डॉ नीरज त्रिपाठी उनके लखनऊ स्थित आवास कोल हाऊस पहुँचे, जहाँ उनकी मुलाकात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी से हुई। प्रियंका गांधी ने घंटों प्रतापगढ़ विधानसभा चुनाव के संदर्भ में अब तक की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान प्रियंका गांधी ने प्रतिज्ञा पत्र को जन जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया। कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर मुखर बनाने के लिए विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं 248 प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना कर आगामी 2022 विधानसभा चुनाव जीतने का आशीर्वाद दिया। बैठक के दौरान टीम प्रियंका के सदस्यों ने सोशल मीडिया एवं अन्य संबंधित विषयों पर गहन चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



प्रियंका गांधी से मुलाकात करते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा0 नीरज त्रिपाठी

## मेडिकल स्टोर्स की दुकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के बिराहिमपुर निवासी राहुल कुमार साहू ने थाना क्षेत्र के अन्सारगंज बाजार में मेडिकल स्टोर्स की दुकान खोल रखी है। मंगलवार की बीती रात अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर उसमें रखी कीमती दवाइया व कुछ नकदी रुपया चुरा ले गए सुबह। आस पास के लोगों की नजर जब दुकान पर पड़ी तो शटर का ताला टूटा देख हड़कम्प मच गया। घटना की जानकारी दुकान मालिक राहुल साहू को फोन पर दी गई। मौके पर पहुचे दुकान मालिक ने चोरी गई दवाइयों की कीमत लगभग 50 हजार रुपया बताया। घटना को लेकर व्यापारियों में आक्रोश है।

## नगर पालिका ने चलाया विशेष सफाई अभियान

**प्रतापगढ़।** शासन के निर्देश पर सात दिसम्बर से 13 दिसम्बर तक चलाये जाने वाले विशेष सफाई अभियान के तहत बुधवार को नगर के सभी वार्डों में नाले-नालियों की सफाई की गई। मकन्द्रूगंज व बलीपुर वार्ड में नाला क्लीनिंग मशीन से सफाई की गई।

इसके अलावा पांच वार्डों धर्मशाला वार्ड, तहसील वार्ड, अचलपुर वार्ड, पटखौली वार्ड व सहोदरपुर पूर्वी में एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। नगर के बस स्टैण्ड, चैक घंटाघर, रेलवे स्टेशन आदि सार्वजनिक स्थानों पर सेनेटाइजेशन किया गया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व ईओ मुदित सिंह ने विशेष सफाई अभियान की कार्य योजना बनाई है जिसके अनुसार सफाई, एंटी लार्वा व सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है।

# पुलिस महानिरीक्षक ने किया पीबी कॉलेज के प्राचार्य को सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** यातायात माह 2021 मिशन शक्ति एवं साइबर क्राइम जागरूकता अभियान में विभिन्न जनपदों में सर्वश्रेष्ठ सहयोग के लिए प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय को चुना है आपको बताते चलें कि प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के जनसूचनधिकारी डॉ०धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि यातायात माह नवम्बर 2021 मिशनशक्ति एवम साइबर क्राइम जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न जनपदों में किये गए कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ सहयोग के लिये प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय को चुना गया। इसके लिए प्राचार्य डॉ०बृज भानु सिंह को पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज डॉ०राकेश सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह प्रताप बहादुर महाविद्यालय परिवार लिये गौरव की बात है।



पीबी कॉलेज के प्राचार्य को सम्मानित करते पुलिस महा निरीक्षक।

# अचलपुर में पानी की टंकी के लिये हुआ भूमि पूजन

## मार्च माह तक बन जाएगी पानी की टंकी, अचलपुर, सहोदरपुर व पटखौली वार्ड में होगी जलापूर्ति

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका ने अचलपुर वार्ड में पानी की टंकी के निर्माण के लिये भूमि पूजन किया। इस टंकी के निर्माण से अचलपुर, सहोदरपुर पूर्वी तथा पटखौली वार्ड में पर्याप्त जलापूर्ति हो सकेगी। भूमि पूजन के अवसर पर पहुंचे नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि टंकी का कार्य मार्च 2022 तक पूरा हो जाएगा।

इससे इस क्षेत्र की जलापूर्ति की समस्या समाप्त हो जाएगी। अधिशाषी अधिकारी श्री सिंह ने टंकी निर्माण में कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये हैं। बता दें कि इस क्षेत्र में जलापूर्ति की समस्या को देखते हुए नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने बैठक में अचलपुर में नई टंकी के निर्माण का निर्णय लिया था। बता दें कि इस जगह पर पहले से ट्यूबवेल लगा हुआ था। अधिशाषी अधिकारी के साथ निरीक्षण में अचलपुर के सभासद आशुतोष सिंह व अन्य नगर पालिका कर्मी भी मौजूद रहे।



भूमि पूजन के अवसर पर निरीक्षण करते नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह

## सौ बेड के आश्रय स्थल का ईओ ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने अचलपुर में बने सौ बेड के बने आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। अधिशाषी अधिकारी आश्रय स्थल के हर कक्ष में जाकर साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने आश्रय स्थल के केयर टेकर को निर्देशित किया कि शीतकाल में आने वाले आश्रितों को आश्रय स्थल में सहर्ष स्थान देकर उनकी हर सुविधा का ध्यान दिया जाए। अधिशाषी अधिकारी के निरीक्षण में आरआई लाल बहादुर सिंह, सभासद आशुतोष सिंह तथा संतोष कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

# तहसील के सामने युवक की बाइक चोरी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अपने किसी निजी काम से पट्टी तहसील आए एक युवक ने अपनी बाइक तहसील के सामने खड़ी कर दिया थोड़ी देर बाद लौटा तो उसकी बाइक गायब थी पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नोही गांव निवासी मणिलाल अपनी पत्नी और परिवार के साथ पट्टी तहसील मुख्यालय आया हुआ था दोपहर साढे. तीन बजे कोतवाली के सामने बाइक खड़ी करके वह किसी काम से चला गया लौटकर आया तो उसकी बाइक चोरी हो गई थी बाइक चोरी हो जाने से परेशानी व कोतवाली गेट पर ही रोने लगा बाद में लोगों के समझाने पर उसने बाइक चोरी की तहरीर कोतवाली में दिया।


# कार्यालय ग्राम पंचायत सोनाई वि. ख. करछना प्रयागराज

## टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत सोनाई विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 08–12–2021 से दिनांक 18–12–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सोनाई में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 26–12–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 26–12–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | जगत बहादुर के घर से मेन सड़क तक नाली पर पटिया निर्माण कार्य | 1.50000 लाख | 2 माह |
| 2. | विजयराज के घर से मेन नाली तक नाली व पटिया निर्माण कार्य | 2.00 लाख | 2 माह |
| 3. | सियाराम के घर से मेन नाली तक नाली व पटिया निर्माण कार्य | 2.00 लाख | 3 माह |
| 4. | सियाराम के घर से खड़ंजा तक इंटरलाकिंग कार्य | 2.00 लाख | 2 माह |

श्रीमती मंजूलता श्रीवास्तव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सोनाई
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/
2020–21/ दिनांक

आदित्य पौडवाल
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सोनाई
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


## सहखातेदारों ने जबरन बेंच दिया पेड़, पीड़िता को पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सह खातेदारों ने बिना पूछे व्यापारी को जबरदस्ती पेड़ बेंच दिया व्यापारी जब पेड़ काटने के लिए आए तो पीड़ता ने मना किया तो आरोपियों ने उसे जमकर मारा पीटा पीड़िता ने मामले की तहरीर पट्टी कोतवाली में दी है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर गांव की रहने वाली संगीता देवी पत्नी दयाशंकर ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी खेत में कई लोग सह खातेदार हैं जिसमें नीम जामुन महुआ आदि के पेड़ लगे हुए हैं। उक्त वृक्षों को उसके पड़ोसी जबरदस्ती भेज दिया। व्यापारी जब पेड़ों को काटने आए तो वह उन्हें रोकने लगी इस पर आरोपियों ने पीड़िता को जमकर मारा पीटा। पीड़िता ने मामले में आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।

# कबड्डी और खो खो में संडवा टीम जीती, कुश्ती में सदर और लालगंज ब्लाक के पहलवानों का वर्चस्व

## बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन बच्चों ने दिखाया दमखम



जिला बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** स्टेडियम में चल रही जिला बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्राइमरी बालक कबड्डी और यूपीएस बालिका खो खो में संडवा चंद्रिका ब्लाक की टीम विजेता रही। गौरा ब्लाक दूसरे स्थान पर रही। जूडो में मान्धाता और योगा में गौरा ब्लाक की टीम विजेता रही।

प्राइमरी बालिका कबड्डी में मंगरौरा ब्लाक विजेता रही। कुश्ती में अलग अलग भार वर्ग में सदर और लालगंज के पहलवानों का ही वर्चस्व रहा।

सदर के जोगापुर स्कूल के पहलवान दूसरे ब्लाकों के पहलवानो को पटखनी देते नजर आये। दूसरे दिन की प्रतियोगिता खंड शिक्षा अधिकारी गौरा विमलेश त्रिपाठी की देखरेख में हुई। प्रतियोगिता को सकुशल सम्पन्न कराने में जिला वयायाम शिक्षक रामकुमार सिंह, सुशील कुमार सिंह, मंजू सिंह, प्रभाकर प्रताप सिंह, शैलेश सिंह शैलू, खुर्शीद, नीरज सिंह, दिलीप सिंह, आशुतोष सिंह, अशोक कुमार मिश्रा, राजेश कुमार, अशोक राय समेत कई शिक्षको की सहभागिता रही।



छात्र प्रियांशु को सम्मानित करते प्रधानाध्यापक व ग्राम प्रधान

## खेलकूद में प्रियांशु ने विद्यालय का नाम किया रोशन

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपदीय स्तर क्रीड़ा प्रतियोगिता के 50 मीटर, 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के विजेता मॉडल प्राथमिक विद्यालय आलापुर के छात्र प्रियांशु सोनकर को विद्यालय के प्रधानाध्यापक राहुल शुक्ल एवं ग्राम प्रधान सिया राम मौर्य द्वारा सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान द्वारा विजेता छात्र को साइकिल भेंट की गई। इस अवसर पर वकील अहमद, एजाज अहमद, सुभाष सोनकर, सुशील तिवारी, जय प्रकाश मौर्य, अनंतराम, अरविंद सोनकर, पूजा केसरवानी, दिव्या शुक्ला एवं अन्य गणमान्य लोगों ने विजेता छात्र को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### बालिका के मौत के दोषियों की नहीं हो सकी गिरफ्तारी

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा पुलिस चौकी अंतर्गत ट्रेन शाह आलमाबाद गांव के मजरा गोपालपुर गांव में 6 दिसंबर को सुनीता देवी उम्र 19 वर्ष पुत्री बच्चा लाल की मौत की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिजनों ने बताया कि बालिका ने आत्महत्या कर लिया है लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि यह ऑनर किलिंग का मामला है और पिता ने अपने बेटों के साथ मिलकर बालिका की गला घोट कर हत्या कर दी है कई दिन बीत जाने के बाद भी बालिका की हत्या के मामले में टेवा चौकी पुलिस रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी खुलासा पुलिस नहीं कर रही है आरोपी बेखौफ खुलेआम मौज कर रहे हैं आरोप है कि टेवा चौकी पुलिस ने आरोपियों को बरी करने के लिए डेढ़ लाख का ठेका ले लिया है ऑनर किलिंग के मामले में आखिर पुलिस कठोर कार्यवाही क्यों नहीं कर रही है यह टेवा चौकी पुलिस के कारनामे पर बड़ा सवाल है।



बसपा कार्यक्रम में उपस्थित आम जनमानस और खाली पड़ी कुर्सी




बसपा कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित नेता

# बसपा सम्मेलन फ्लॉप नहीं जुटी भीड़

## भाजपा सपा से गहरा रिश्ता रखने वाले अशोक त्रिपाठी बनाए गए बहुजन समाज पार्टी से सिराथू विधानसभा प्रत्याशी

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** बहुजन समाज पार्टी का एक कार्यक्रम सिराथू तहसील क्षेत्र के सायरा स्थित एक डिग्री कालेज मैदान में बुधवार को आयोजित किया गया था कार्यक्रम में मुख्य सेक्टर प्रभारी अशोक गौतम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी की मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के संदेश को सुनाया उन्होंने इस मौके पर भाजपा सरकार पर करारा प्रहार किया है समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री इंद्रजीत सरोज पर भी करारा प्रहार किया गया है कार्यक्रम में मुख्य सेक्टर प्रभारी अशोक गौतम ने सिराथू विधानसभा से संतोष त्रिपाठी को पार्टी प्रत्याशी घोषित किया है इस मौके पर पार्टी जिला अध्यक्ष संतोष कुमार गौतम ने भी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहां कि आने वाले विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी सरकार बनाएगी उन्होंने लोगों से बसपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। बताया जाता है कि मूल रूप से कौशांबी जिले के दक्षिणी छोर में यमुना नदी के किनारे प्राचीन गढ़वा गांव के रहने वाले संतोष त्रिपाठी गांव घर छोड़कर बीते कई दशक से प्रयागराज में रहते हैं इलाहाबाद के एक चर्चित बाहुबली के संरक्षण में रहकर इनके जायज नाजायज व्यवसाय पलते थे यह चर्चित बाहुबली कई वर्षों पूर्व हत्या के आरोप में सलाखों के पीछे चले गए तो संतोष त्रिपाठी सपा के एक बाहुबली विधायक के शरण में चले गए और अपने जायज नाजायज व्यवसाय को वह लगातार बढ़ाते रहें। सूबे में भाजपा की सरकार आने के बाद इन्होंने एक भाजपा विधायक का साथ पकड़ लिया है और भाजपा विधायक के साथ इनका जमीन की खरीद बिक्री का व्यापार तेजी से चल रहा है सूत्रों की माने तो भाजपा विधायक की प्लानिंग के बाद संतोष त्रिपाठी ने बसपा से विधायकी का टिकट मांगा है अव बसपा के साथ यह कितनी निष्ठा से चुनाव लड़कर जीत दर्ज कराते हैं यह तो समय बताएगा बहुजन समाज पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी कार्यकताओं की भीड़ नहीं एकत्रित हो सकी है कार्यक्रम पूरी तरह से फ्लॉप बताया जाता है कार्यक्रम आयोजन के लिए आयोजकों द्वारा मंगाई गयी कुर्सियां कार्यक्रम के अंत तक खाली पड़ी रह गई है आखिर जब बसपा के कार्यक्रम में कुर्सियां खाली रह जाएंगी तो पार्टी प्रत्याशी आने वाले विधानसभा चुनाव 2020 में कैसे बसपा का परचम लहराएंगे यह बड़ा सवाल है।

### नहीं दे पाएंगे बसपा बसपा प्रत्याशी वोट

**कौशाम्बी।** बहुजन समाज पार्टी ने विधानसभा सिराथू से संतोष त्रिपाठी को विधायक पद का प्रत्याशी घोषित किया है बसपा ने जिसे प्रत्याशी घोषित किया है उसका नाम सिराथू विधानसभा की वोटर लिस्ट में नहीं है तो वह कैसे इस विधानसभा में वोट देंगे बसपा को अपने विधानसभा में दमदार प्रत्याशी नहीं मिल रहा है इसलिए प्रयागराज से आयातित प्रत्याशी लाकर कौशांबी सीट पर बसपा चुनाव लड़ रही है इससे बसपा अपने मजबूती का आकलन लगा सकती है कि जिस पार्टी को एक मजबूत प्रत्याशी नहीं मिल रहा हो उसके साथ कितने मतदाता और कार्यकर्ता साथ में होंगे इस बात की चर्चा आम जनता के बीच बसपा द्वारा सायरा में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर होती है।

## रास्ते के विवाद में बलीपुर टाटा गांव में तनाव

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बलीपुर टाटा गांव में रास्ते के विवाद को लेकर तनाव व्याप्त है गांव के दो दर्जन लोगों ने थानेदार को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है बताते चलें कि बॉलीवुड टाटा गांव के वीरेंद्र कुमार जगतपाल सहित दो दर्जन लोगों ने चरवा थानेदार को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके घर के सामने सड़क बनाई गई है इस सड़क की तरफ दीवार तोड़कर छोटटन ननका आदि लोग सड़क की तरफ दरवाजा लगा रहे हैं दरवाजा लगाए जाने का विरोध वीरेंद्र जगतपाल आदि लोगों ने किया जिस पर आरोप है कि गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी गई है रास्ते को लेकर दोनों पक्षों के बीच तनाव व्याप्त है यदि समय रहते पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो स्थिति बिगड़ सकती है।

# जनसंवाद कर लोगों को सरकार की उपलब्धियों को गिनाया : संजय गुप्ता

अखंड भारत संदेश



आम जनमानस से संवाद करते विधायक संजय गुप्ता

**कौशाम्बी।** विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने विधानसभा चायल के मूरतगंज ब्लाक के बरक्कतपुर, पंसौर, सहित अमनी लोकीपुर में देश प्रदेश की चल रही जनकल्याण कारी योजनाओ को गिनाया।साथ ही विधायक ने बताया कि जब से प्रदेश में योगी जी की सरकार बनी है आज चायल में चैन अमन कायम हुआ है विकास की बात करते हुए विधायक ने कहा कि मैंने अपनी विधान सभा में विकास तो किया ही है साथ ही सभी के मान सम्मान की सदैव रक्षा करने का काम किया हु। उन्होंने कहा कि हजारो हजारो करोड़ रुपये से अपनी विधानसभा का विकास कार्य किया गया है मुफ्त रासन दे कर सभी गरीबो तक रासन पहुचाया गया,किसान सम्मान निधि जैसी योजना चला कर सभी किसानों तक बिना बिचौलियों के उनके खाते में पहुचाया। प्रधानमंत्री आवास योजना चला कर हर गरीब का तक पक्का घर देने का काम किया है। ऐसी तमाम ऐसी जनकल्याण कारी योजनओ से सभी को लाभान्वित करने का काम किया है। जनसंवाद कार्यक्रम कर दैरान भाजपा जिला महामंत्री दीपचंद्र दिवाकर,पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री सूरज यादव, जिला पंचायत सदस्य रामनरेश पासी,शिवमोहन मौर्य, राजन सरोज, बीरेंद्र फौजी, पंसौर प्रधान रंजीत यादव,अमनी लोकीपुर प्रधान प्रतिनिधि स्वतंत्र सिंह यादव,पिंटू कुशवाहा, सुधीर वर्मा,सुभाष केसरवानी सहित स्तानीय जनमानस मौजूद रहे।



## डीएम ने गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के दिए निर्देश लापरवाही पर लाइसेन्स किया जाएगा निरस्त

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में आयुष्मान गोल्डेन कार्ड की प्रगति के सम्बन्ध में बैठक संपन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान गोल्डेन कार्ड की प्रगति की समीक्षा की समीक्षा के दौरान गोल्डेन कार्ड बनाने में प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए गोल्डेन कार्ड बनाने में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये है उन्होंने 14 एवं 17 दिसम्बर 2021 को कोटेदारों के राशन की दुकानों पर कैम्प लगाकर सभी अत्योदय कार्ड धारकों का गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये उन्होंने अभियान चलाकर प्रत्येक पात्र लाभार्थियों का गोर्ल्डन कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये उन्होंने कहा कि सभी एएनएम आशा एवं ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां अन्त्योदय कार्ड धारकों के घर घर जाकर उन्हें कैम्प तक ले जाने एवं उनका गोल्डेन कार्ड बनवाने में सहयोग करें जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कॉमन सर्विस सेन्टर सीएससी संचालक सम्बंधित कोटेदारों की दुकानों पर समय से उपस्थित होकर कैम्प लगाकर सभी अन्त्योदय कार्ड धारकों का शत-प्रतिशत गोल्डेन कार्ड बनायें एवं गोल्डेन कार्ड बनाने में लापरवाही बरतने वाले सीएससी संचालकों का लाइसेन्स निरस्त किया जायेगा उन्होंने जिलापूर्ति अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को निर्देशित किया कि प्रत्येक कैम्प में जाकर गोल्डेन कार्ड बनाने हेतु प्रगति का निरीक्षण करें निरीक्षण के दौरान गोल्डेन कार्ड बनाने में यदि लापरवाही पायी जाय तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाय इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी मुख्य चिकित्साधिकारी जिलापूर्ति अधिकारी सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्राइमरी स्कूल के बच्चों में छिपी है अनेकों प्रतिभाएं : शीतला प्रसाद

अखंड भारत संदेश

### जनपद के परिषदीय विद्यालयों के छात्रों की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**कौशाम्बी।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम टेवा में हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल द्वारा सौ मीटर दौड़ में हरी झंडी दिखाकर किया गया।विधायक शीतला प्रसाद पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में कान्वेंट स्कूलों के बच्चों से कम प्रतिभा नहीं है परंतु उन्हें उचित अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। योगी सरकार में परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा का स्तर बढ़ा है एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी समय-समय पर किया जा रहा है उन्होंने प्रतिभाग कर रहे हैं बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मंझनपुर के उप जिला अधिकारी प्रखर उत्तम मौजूद रहे।कार्यक्रम के संयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं जनपद कौशांबी के परिषदीय विद्यालयों के छात्रों की इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के विषय में विस्तार से जानकारी दी।3 दिन तक चलने वाली इस खेलकूद प्रतियोगिता में जनपद के परिषदीय विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बुधवार को जिला स्टेडियम टेवा में हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल द्वारा सौ मीटर दौड़ में हरी झंडी दिखाकर किया गया।विधायक शीतला प्रसाद पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में कान्वेंट स्कूलों के बच्चों से कम प्रतिभा नहीं है परंतु उन्हें उचित अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। योगी सरकार में परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा का स्तर बढ़ा है एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी समय-समय पर किया जा रहा है उन्होंने प्रतिभाग कर रहे हैं बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मंझनपुर के उप जिला अधिकारी प्रखर उत्तम मौजूद रहे।कार्यक्रम के संयोजक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं जनपद कौशांबी के परिषदीय विद्यालयों के छात्रों की इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के विषय में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जनपद के सभी खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे। तीन दिन तक चलने वाली इस खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़, ऊंची कूद,लंबी कूद,कबड्डी, खो-खो, गोला फेंक बॉलीबॉल कुश्ती,चक्का फेंक समेत कई प्रतियोगिताएं होंगी।इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी रुस्तम खान, प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष मुलायम सिंह, जूनियर संघ के अध्यक्ष रामप्रताप लाली,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी व सह संयोजक उमेश चन्द्र तिवारी,प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिल सिंह, जिला मंत्री रामबाबू दिवाकर, मो0हुसैन,प्रेमशंकर त्रिपाठी, मायापति त्रिपाठी सहित जनपद के व्यायाम शिक्षक राजीव सिंह और समस्त खेल कोच मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन पूनम सिंह और मारुति नंदन त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया।

## जिला प्रवक्ता के लिए कांग्रेस कार्यालय में आयोजित होगी परीक्षा

### अभी तक जो पार्टी के प्राथमिक सदस्य नहीं है वह भी परीक्षा में कर सकते हैं सहभागिता

**कौशाम्बी।** बनें यूपी की आवाज जिला प्रवक्ता चयन अभियान के अंतर्गत दिनांक 9 दिसंबर 2021 को कांग्रेस कार्यालय जनपद मुख्यालय मंझनपुर में परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता शुचि विश्वास प्रयागराज मंडल के प्रभारी के तौर पर उपस्थित रहेंगी। परीक्षा में जो भी अभ्यर्थी भाग लेना चाहते हैं वह 10 बजे तक कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर भागीदारी कर सकते हैं। जो व्यक्ति कांग्रेस पार्टी के सदस्य नहीं है वह भी परीक्षा में हिस्सा ले सकते हैं इसके लिए उन्हें उसी दिन आवेदन से पूर्व कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करनी होगी। उक्त आशय की जानकारी पार्टी के जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी ने कही। इस मौके पर उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में ऐसे लोग जो कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित हैं और वह पार्टी में सदस्यता लेकर पार्टी के आवाज बनना चाहते हैं। और उसे मुखर करना चाहते हैं ऐसे लोगों के लिए इस परीक्षा का आयोजन किया गया है। उन्होंने पार्टी के कार्यकताओं के साथ अन्य ऐसे लोग जो राजनीतिक विचारधारा के रूप में कांग्रे से जुड़े हैं और सामाजिक रूप से सक्रिय हैं उन्हें सहभागी बनने का आवाह्नन किया है। इस आशय की जानकारी पार्टी के कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय सत्यार्थी ने दी है।

## थाने से भेजे गए अभिलेख नहीं पहुंच पाते सीओ कार्यालय

**कौशांबी।** सराय अकिल थाने से भेजे गए अभिलेख क्षेत्राधिकारी चायल कार्यालय तक नहीं पहुंच पाते हैं रास्ते में अभिलेख इधर उधर हो जाते हैं आम जनता थाने से भेजे गए अभिलेखों की जानकारी के लिए क्षेत्राधिकारी कार्यालय का चक्कर लगाती रहती है क्षेत्राधिकारी कार्यालय चायल में बैठे स्टोनो और पुलिसकर्मियों द्वारा आम जनता को फटकार कर भगा दिया जाता है बताया जाता है कि थाने से क्षेत्राधिकारी कार्यालय भेजे गए अभिलेखों में हेराफेरी होती है अभिलेखों की हेराफेरी में जमकर धनादोहन होता है तमाम कागजात बड़े अधिकारी और अदालत तक नहीं भेजे जाते हैं वहीं पर ले देकर मामले निपटा दिए जाते हैं क्षेत्राधिकारी कार्यालय में पुलिसकर्मी और स्टोनो के कारनामों की जांच किए जाने की जरूरत है।

# हटाए गए कोतवाल अपराधों की आ गयी बाढ़

## चरवा थाना क्षेत्र में बीती रात दो घरों का ताला तोड़ सोने चांदी के जेवर नगदी सामान सहित तीसरे घर से बाइक उठा ले गए बेखौफ चोर



थाने के सामने से गुजरता बालू लदा ओवर लोड वाहन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** चरवा कोतवाली के कोतवाल अरविंद त्रिवेदी के थाने से हटते ही इलाके में अपराधों की बाढ़ आ गई है इलाके में संगठित अपराध फिर फलने फूलने लगे हैं बीती रात 2 घरों से चोर गिरोह के सदस्य सोने चांदी के जेवर नगदी सन्दूक बैग के साथ तीसरे घर को निशाना बनाते हुए घर के बाहर खड़ी बाइक समेत लाखों का सामान उठा ले जाने में कामयाब हुए हैं घटनाओं की तहरीर पीड़ित परिजनों ने चरवा कोतवाल को दी है लेकिन खबर लिखे जाने तक घटनाओं का मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है।

घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के हरदुआ गांव निवासी धनराज पुत्र भैया लाल के घर के दरवाजा का ताला तोड़करआधी रात को घर के भीतर चोर गिरोह के सदस्य घुसे और सोने की दो अंगूठी पायल नगदी घड़ी बैग और कपड़ा से भरा बक्सा चोर उठा ले गए हैं घर से 300 मीटर दूरी पर खेत में सुबह खाली बक्सा पड़ा मिला है गांव के ही घासीराम पुत्र छोटेलाल के घर आधी रात को दरवाजे से भीतर घुसे चोर गिरोह के सदस्यों ने सोने चांदी के जेवर बक्सा थैला आदि सामान उठा ले गए हैं बेखौफ चोर गिरोह के सदस्य भीटी देह माफी गांव में राधेश्याम पुत्र सूरजपाल के घर के बाहर खड़ी बाइक को भी गायब कर दिया है चरवा थाने के कोतवाल अरविंद त्रिवेदी के हटते ही क्षेत्र हैं अपराधी बेखौफ हो गए हैं जिससे एक बार फिर चरवा थाना क्षेत्र अपराधों से दहल रहा है जुआ शराब और बालू के अवैध वाहन सड़कों पर बेखौफ तरीके से फरार्टा भरने लगे हैं बढ़ते अपराध से ग्रामीण भयभीत हैं।

## सराय अकिल थाने के दो सिपाहियों पर दलित ने लगाया मारपीट उत्पीड़न का आरोप

### पुलिस अधीक्षक से शिकायत करने के बाद भी न्याय न मिलने पर एससी एसटी आयोग से पीड़ित ने की फरियाद

**कौशांबी।** सराय अकिल थाने में तैनात दो सिपाहियों पर मारपीट गाली गलौज और उत्पीड़ित करने का आरोप कौशांबी थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद निवासी अखिलेश कुमार पासी ने लगाया है एससी एसटी आयोग को भेजे पत्र में अखिलेश कुमार पासी ने बताया कि अपने भतीजे की बाइक लेकर वह 13 नवंबर को सराय अकिल बाजार गया था जहाँ से वह देर शाम को वापस गांव मुस्तफाबाद लौट रहा था रास्ते में उसे सराय अकिल थाने के दो सिपाही अरुण कुमार संजय कुमार मिले और बाइक के कागजातों की जांच करने के बाद भतीजे की बाइक होने पर दोनों सिपाहियों ने अखिलेश पासी से 2 हजार रुपए की डिमांड की जिसका विरोध अखिलेश पासी ने किया जिस पर दोनों सिपाहियों ने लात घूसा के साथ-साथ डंडे से अखिलेश पासी की बेरहमी से पिटाई कर दी आरोप है कि जातिसूचक शब्दों से अखिलेश पासी को अपमानित कर दिया है मामले की शिकायत पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से की थी लेकिन मामले में मुकदमा नहीं दर्ज हो सका है जिस पर अखिलेश पासी ने एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष को पत्र भेजकर दोषी सिपाहियों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने और दोषी सिपाहियों की गिरफ्तारी के साथ उन्हें बर्खास्त किए जाने की मांग की है।

## चौकी छोड़कर गायब रहते हैं इंचार्ज फरियादी परेशान

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के बेनी राम कटरा पुलिस चौकी के इंचार्ज चौकी छोड़कर खुद फरार रहते हैं इस चौकी में तैनात सिपाही भी पुलिस चौकी से पूरे दिन गायब रहते हैं आखिर चौकी इंचार्ज और सिपाही पुलिस चौकी से गायब होकर किस उद्योग के संचालन में मस्त रहते हैं इस बात की जानकारी का प्रयास भी पुलिस अधिकारी नहीं कर रहे हैं पुलिस चौकी में इंचार्ज और सिपाहियों के गायब रहने से फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए चौकी इंचार्ज और सिपाहियों से मुलाकात के लिए परेशान रहते हैं सुबह से देर शाम हो जाती है लेकिन पुलिस चौकी में इंचार्ज और सिपाही का मिलना मुश्किल होता है सूत्रों की माने तो बालू लदे अवैध वाहनों से वसूली सहित सड़कों पर निकलने वाले वाहनों की वसूली और संगठित अपराधों में लिप्त लोगों की खोजबीन कर उनसे वसूली में व्यस्त रहने के चलते चौकी इंचार्ज और सिपाहियों ने चौकी को बीरान बना दिया है इलाके के लोगों ने पुलिस आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बेनी राम कटरा चौकी इंचार्ज के कारनामे की ओर आकृष्ट कराया है।

## टेडीमोड क्षेत्र में नहीं होती गस्त जनता त्रस्त

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ी मोड़ सहजादपुर पुलिस चौकी के सिपाही इन दिनों गस्त पर नहीं रहते हैं जिससे इलाके के लोग भयभीत हैं क्षेत्र के लोगों ने बताया कि मंझनपुर मुख्यालय से जाने वाली सड़क में बमरौली गांव से कुछ दूरी पर पहले भी राहगीरों के साथ अपराधिक घटनाएं हो जाती थी जिस पर इलाके में पुलिस ने गश्त बढ़ा दी थी और गश्त बढ़ाने से अपराधिक घटनाओं में विराम लग गया था बीते महीने से इस क्षेत्र में गश्त ना होने से आपराधिक गिरोह के सदस्य अंधेरा होते ही सड़को पर आ जाते हैं जिससे क्षेत्र में अपराधिक घटनाएं होने की संभावना से ग्रामीण भयभीत हैं इलाके के लोगों ने पुलिस आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बमरौली क्षेत्र में पुलिस गश्त कराए जाने की मांग की है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रेरा वि. ख. जसरा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

वित्तीया वर्ष 2021–22 में ग्राम पंचायत रेरा मे मनरेगा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/15वां वित्त के अधीन प्रस्तावित निम्न कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत फर्मो से दिनांक 09–12–2021 से दिनांक 19–12–2021 निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 20–12–2021 को 12 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदाओं एवं निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का विवरण | ग्राम पंचायत | योजना/मद | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य रू. में | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्थायी गोवंश आश्रय स्थल में वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण | रेरा | मनरेगा/15वं वित्त/राज्य वित्त | 2 लाख | 500 | 4000 | 1 माह |
| 2. | पुलिया से नगीना के घर तक इंटरलाकिंग | रेरा | मनरेगा/15वं वित्त/राज्य वित्त | 4 लाख | 500 | 8000 | 1 माह |
| 3. | बीरबल के घर से ओम प्रकाश के घर तक इंटरलाकिंग | रेरा | मनरेगा/15वं वित्त/राज्य वित्त | 4 लाख | 500 | 8000 | 1 माह |
| 4. | सुरेन्द्र के घर से काली रोड तक इंटरलाकिंग | रेरा | मनरेगा/15वं वित्त/राज्य वित्त | 4 लाख | 500 | 8000 | 1 माह |
| 5. | दुर्योधन के घर से पुलिया तक WBM कार्य | रेरा | मनरेगा/15वं वित्त/राज्य वित्त | 4 लाख | 500 | 8000 | 1 माह |
| 6. | प्राथमिक विद्यालय मुण्डेहरा में शौचालय का निर्माण | रेरा | मनरेगा/15वं वित्त/राज्य वित्त | 2 लाख | 500 | 4000 | 1 माह |
| 7. | प्रा0 वि0 मुण्डेहरा में बालिका शौचालय का निर्माण एवं रनिंग वाटर हैण्डवास | रेरा | मनरेगा/15वं वित्त/राज्य वित्त | 2.5 लाख | 500 | 5000 | 1 माह |
| 8. | काली रोड से ईश्वर के खेत तक इंटरलाकिंग | रेरा | मनरेगा/15वं वित्त/राज्य वित्त | 3 लाख | 500 | 6000 | 1 माह |
| 9. | गिरिजा के खेत से ट्रांसफार्मर तक इंटरलाकिंग | रेरा | मनरेगा/15वं वित्त/राज्य वित्त | 3 लाख | 500 | 6000 | 1 माह |

सामान्य शर्ते :– 1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जीएसटी नम्बर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र निविदादात/ कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जमा करना होगा।4. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में दिनांक19–12–2021 तक पूर्वान्हन 12.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 5. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 6. सभी कार्यो के लिए अलग–अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार्य की जायेगी। 7. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी।8. सामग्री की मात्रा/धनराशि घट–बढ़ सकती है।

नोट–निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय रेरा से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय रेरा में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

**महादेव**
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत रेरा
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/अ.नि./ 2021-22/ दिनांक

**बृजेन्द्र सिंह**
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रेरा
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

## सम्पादकीय

## उप्र में बदलते समीकरण

उत्तरप्रदेश में चुनाव के ऐलान से पहले ही जबरदस्त मुकाबले की तस्वीर बनने लगी है। भाजपा को फिर से सत्ता दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उप्र के बार-बार चक्कर लगाने लगे हैं उत्तरप्रदेश में चुनाव के ऐलान से पहले ही जबरदस्त मुकाबले की तस्वीर बनने लगी है। भाजपा को फिर से सत्ता दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उप्र के बार-बार चक्कर लगाने लगे हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री फिर पूर्वांचल के दौरे पर थे। यहां मुख्यमंत्री योगी के इलाके गोरखपुर में एम्स और खाद कारखाने के उद्घाटन के साथ, करोड़ों की कई परियोजनाओं का लोकार्पण प्रधानमंत्री ने किया। इस दौरान उन्होंने फिर डबल इंजन वाली सरकार का जिक्र करते हुए अपनी पीठ थपथपाई कि कैसे उनके नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास के काम हो रहे हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भले अपने कामों का गुणगान करते रहें, लेकिन गरीबी, महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था, रोजगार इन सब में उत्तरप्रदेश की हालत क्या है, यह आंकड़े बता ही देते हैं। और लोकतंत्र में डबल इंजन की सरकार जैसे जुमले भी उपयुक्त नहीं लगते। देश की संघीय शासन प्रणाली में केंद्र और राज्य दोनों जगह जनता द्वारा निर्वाचित सरकारें होती हैं, केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र अलग-अलग होते हैं और कई मामलों में केंद्र को ही राज्यों की मदद की जिम्मेदारी दी गई है। इसलिए केंद्र और राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकारें रहने के बावजूद केंद्र का यह दायित्व है कि वह राज्य सरकारों की मदद करे, उनकी समस्याओं का समाधान अपने अधिकार क्षेत्र में रहकर करे। ऐसे में डबल इंजन की सरकार यानी केंद्र और राज्य दोनों जगहों पर एक ही दल की सरकार होने का फायदा गिनाना सही नहीं है।

कम से कम प्रधानमंत्री के पद पर बैठे व्यक्ति को इस तरह की बातें नहीं करना चाहिए, क्योंकि वे पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं, केवल भाजपा के नहीं हैं। अफसोस कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अनेक अवसरों पर पार्टी से ऊपर नहीं उठ पाते हैं और खासकर चुनाव के वक्त वे संवैधानिक भूमिका से अधिक राजनैतिक भूमिका निभाते दिखते हैं। गोरखपुर में भी मोदीजी ने भाजपा नेता की तरह ही भाषण दिया। उत्तरप्रदेश में भाजपा को इस बार अपनी राह आसान नहीं लग रही है। समाजवादी पार्टी से भाजपा को कड़ी टक्कर मिल रही है। अखिलेश यादव की सभाओं में उमड़ती भीड़ से भाजपा नेताओं का परेशान होना स्वाभाविक है। इसलिए पहले मुख्यमंत्री योगी ने अब्बाजान और अखिलेश अली जिन्ना जैसे बयान दिए। अब प्रधानमंत्री मोदी ने गोरखपुर में समाजवादी पार्टी का नाम लिए बिना, पार्टी की खास पहचान लाल टोपी का जिक्र करते हुए कहा कि लाल टोपी वाले यूपी के लिए रेड अलर्ट हैं यानि '$खतरे की घंटी।' मोदीजी ने लाल टोपी का जिक्र सत्ता, माफिया, भ्रष्टाचार और आतंकवाद से जोड़ते हुए जनता को यह समझाना चाहा कि अगर समाजवादी पार्टी का शासन आ गया तो फिर प्रदेश के लिए खतरा रहेगा। दूसरे की छवि को धूमिल कर अपने लिए वोट बटोरना भाजपा की खास पहचान बन गई है। हालांकि जिस वक्त प्रधानमंत्री गोरखपुर में लाल टोपी के खतरे गिना रहे थे, उसी वक्त मेरठ में यानी पश्चिमी उत्तरप्रदेश में अखिलेश यादव और जयंत चौधरी, सपा और रालोद की संयुक्त रैली कर रहे थे। इस रैली को परिवर्तन रैली नाम दिया गया। इस रैली के लिए अखिलेश यादव और जयंती चौधरी एक ही हेलीकॉप्टर से पहुंचे और रैली में जुटी भारी भीड़ ने यह जाहिर कर दिया कि इस बार उत्तरप्रदेश का मुकाबला काफी रोचक होने वाला है। सपा और रालोद चुनाव में साथी बने हैं, हालांकि सीटों का ऐलान अभी नहीं हुआ है। लेकिन इस गठबंधन में खटपट की जो खबरें चल रही थीं, उन्हें विराम देने के लिए दोनों नेता एक साथ पहुंचे। पिछली बार जयंत चौधरी ने प्रियंका गांधी के साथ चार्टर प्लेन की सवारी की थी, तो कई तरह के कयास लगने शुरू हो गए थे। हालांकि तब भी यह स्पष्ट किया गया था कि यह महज शिष्टाचार भेंट थीं। अब अखिलेश के साथ हेलीकाप्टर की सवारी कर जयंत चौधरी ने यह बतला दिया है कि उप्र में चुनाव वे सपा के साथ ही लड़ेंगे। आज की रैली से पहले सुबह जयंत चौधरी ने ट्वीट किया- मेरठ चलो, यूपी बदलो। पहले बदलाव का नारा और फिर परिवर्तन रैली, ये जाहिर करती है कि सपा-रालोद गठबंधन भाजपा का विकल्प जनता के सामने रख रहे हैं। वैसे भी पश्चिमी उप्र में किसान आंदोलन के बाद से भाजपा के लिए जमीन कमजोर पड़ चुकी है। कृषि कानून सरकार ने निरस्त करा दिए हैं और अब खबर है कि सरकार की ओर से किसानों को कोई प्रस्ताव भेजा गया है, जिसके बाद आंदोलन खत्म किया जा सकता है। अगर ऐसा हुआ तो इससे भाजपा को राहत तो मिलेगी, लेकिन किसानों का साथ मिलेगा या नहीं, कहना कठिन है। 2013 में मुजफ़्फ़रनगर में हुए सांप्रदायिक दंगों के बाद इस इलाके में हिंदू मतों का जबरदस्त ध्रुवीकरण हुआ था और जाट मतदाता भाजपा के साथ चले गए थे। इससे रालोद को काफी नुकसान हुआ था। लेकिन किसान आंदोलन के दौरान हुई महापंचायतों में जाट और मुसलमान एक बार फिर साथ आए और रालोद को लगातार किसानों का समर्थन दिखा और यही भाजपा के लिए चिंता की बात है। देखना होगा कि चुनाव नजदीक आते-आते समीकरण किस तरह बदलते हैं और कौन सी नयी चुनौतियां दलों के लिए खड़ी होती हैं।

# देश में जजों की कमी के चलते मामले लंबित हैं या फिर व्यवस्था में ही कोई दोष है

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

अदालतों में साढ़े पांच हजार पद खाली पड़े हैं। 400 से ज्यादा पद तो उच्च और सर्वोच्च न्यायालयों में खाली हैं। सरकार ने इन पदों को भरने में थोड़ी मुस्तैदी इधर जरूर दिखाई है लेकिन जरूरी यह है कि वह पत्तों पर पानी छिड़कने की बजाय जड़ों में लगे कीड़ों का इलाज करे। प्रसिद्ध ब्रिटिश विचारक जॉन स्टुअर्ट मिल ने लिखा था कि देर से किया गया न्याय तो अन्याय ही है। हमारे देश में आज भी अंग्रेजों की चलाई हुई न्याय-पद्धति ही चल रही है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं लेकिन भारत में एक भी प्रधानमंत्री ऐसा पैदा नहीं हुआ, जो विश्व की सबसे प्राचीन न्याय-पद्धति, जो कि भारतीय ही है, को लागू करने की कोशिश करता। इसका दुष्परिणाम है कि आज भारत की अदालतों में लगभग पांच करोड़ मुकदमे लटके पड़े हुए हैं। जो न्याय कुछ ही दिनों में मिल जाना चाहिए, उसे मिलने में तीस-तीस और चालीस-चालीस साल लग जाते हैं। कई मामलों में तो जज, वकील और मुकदमेबाज- सभी का निधन भी हो जाता है। कई लोग बरसों-बरस जेल में सड़ते रहते हैं और जब उनका फैसला आता है तो मालूम पड़ता है कि वे निर्दोष थे। ऐसा क्यों होता है ऐसा इसलिए भी होता है कि बेचारे जज क्या करें

एक ही दिन में वे कितने मुकदमे सुनें देश की अदालतों में अभी साढ़े पांच हजार पद खाली पड़े हैं। 400 से ज्यादा पद तो उच्च और सर्वोच्च न्यायालयों में ही खाली हैं। वर्तमान सरकार ने इन पदों को भरने में थोड़ी मुस्तैदी इधर जरूर दिखाई है लेकिन जरूरी यह है कि वह पत्तों पर पानी छिड़कने की बजाय जड़ों में लगे कीड़ों का इलाज करे। विधि आयोग का कहना है कि भारत में अभी लगभग 20 हजार जज हैं। उनकी संख्या दो लाख होनी चाहिए। इतने जजों की जरूरत ही नहीं होगी, यदि विधि आयोग की समझ ठीक हो जाए तो। उसे पता ही नहीं है कि हमारी संपूर्ण न्याय-व्यवस्था आंख मींचकर चल रही है। यदि भारत की अदालतें भारतीय भाषाओं में बहस और फैसले करने लगें तो फैसले भी जल्दी-जल्दी होंगे और 20-30 हजार जज ही भारत के लिए काफी होंगे। भारत में 18 लाख वकील हैं। वे कम नहीं पड़ेंगे। यदि अदालतों में भारतीय भाषाएं चलेंगी तो मुवक्किलों को बहस और फैसले समझना भी आसान होगा और उनकी ठगाई भी कम होगी। लेकिन यह क्रांतिकारी परिवर्तन करने की हिम्मत कौन कर सकता है वही नेता कर सकता है, जो अपनी हीनता-ग्रंथि का शिकार न हो और जिसके पास भारत को महाशक्ति बनाने की दृष्टि हो। यदि स्वतंत्र भारत में हमारे पास ऐसे कोई बड़े नेता होते तो भारत की न्याय-व्यवस्था कभी की सुधर जाती। लेकिन हमारे ज्यादातर नेता तो नौकरशाहों की गुलामी करते हैं। यह गुलामी गुप्त और अदृश्य होती है। जनता को यह आसानी से पता नहीं चलती। नेताओं को भी यह स्वाभाविक ही लगती है। यदि उन्हें भी इसकी समझ हो जाती तो क्या भारत की संसद अब भी अपने मूल कानून अंग्रेजी में बनाती रहती जो देश अंग्रेज के गुलाम नहीं रहे, यदि आप उन पर नजर डालें तो आप पाएंगे कि वे अपने कानून अपनी भाषा में ही बनाते हैं। इसीलिए उनकी जनता को मिलने वाला न्याय सस्ता, सुलभ और त्वरित होता है। पता नहीं, भारत में वह दिन कब आएगा

# वसीम रिजवी प्रकरणः गांधीजी ने भी हिन्दू धर्म को सर्वश्रेष्ठ माना था

**डॉ. प्रभात ओझा**

उत्तर प्रदेश शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिजवी अंततः सनातनी हो गये। कहा जा रहा है कि उन्होंने इस्लाम धर्म छोड़कर हिन्दुत्व को अपना लिया है। वसीम रिजवी कहते हैं कि इस्लाम कोई धर्म ही नहीं है। पता नहीं वसीम साहब किस अर्थ में ऐसा कह रहे हैं। वैसे धर्म अपने आप में बहुत गूढ़ है और यह मानव धर्म तक जाता है। याद करें कि वसीम रिजवी की किताब 'मुहम्मद' पर बहुत शोरशराबा हो चुका है। उसमें उन्होंने कुरान की 35 आयतों को आतंक भड़काने तक का जिम्मेदार बताया। पुस्तक के लिए उन्होंने विभिन्न धार्मिक ग्रंथों से कम से कम 350 संदर्भ लेने का दावा भी किया है। बहरहाल, जब वसीम रिजवी हिन्दुत्व अपनाने को सनातनी होना कहते हैं, हमें इस पर विचार करना चाहिए। इस अर्थ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की याद आती है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में जब वसीम रिजवी ने नया कदम उठाया है, राष्ट्रपिता गांधीजी का कथन याद करें।

वैसे, गांधीजी ने धर्म पर बहुत कुछ कहा है। यहां संदर्भित कथन इस प्रकार है- ह्लमैं समझा दूं कि धर्म से मेरा क्या मतलब है। मेरा मतलब हिंदू धर्म से नहीं है, जिसकी मैं बेशक और धर्मों से ज्यादा कीमत आंकता हूं। मेरा मतलब उस मूल धर्म से है जो हिंदू धर्म से कहीं उच्चतर है, जो मनुष्य के स्वभाव तक का परिवर्तन कर देता है, जो हमें अंतर से सत्य से अटूट रूप से बांध देता है और जो निरंतर अधिक शुद्ध और पवित्र बनाता रहता है। वह मनुष्य की प्रकृति का ऐसा स्थायी तत्व है जो अपनी संपूर्ण अभिव्यक्ति के लिए कोई भी कीमत चुकाने के लिए तैयार रहता है और उसे तब तक बिल्कुल बेचैन बनाए रखता है, जब तक उसे अपने स्वरूप का ज्ञान नहीं हो जाता तथा स्रष्टा के और अपने बीच का सच्चा संबंध समझ में नहीं आ जाता। (गांधी वाङ्मय-17/442) प्रश्न है कि क्या वसीम रिजवी ने गांधीजी की तरह हिन्दू धर्म को इसलिए अपनाया है, क्योंकि गांधीजी के ही शब्दों में उसकी ' बेशक और धर्मों से ज्यादा कीमत' है। ध्यान दें कि हिन्दू धर्म की और धर्मों से ज्यादा कीमत बताकर भी गांधीजी कहते हैं कि ऐसा एक भी धर्म नहीं है जो संपूर्णता का दावा कर सके। वे धर्मों की तुलना करना अनावश्यक समझते थे।

उनकी मान्यता है कि अधर्म तो मनुष्य जैसी अपूर्ण सत्ता द्वारा मिलता है, अकेला ईश्वर ही संपूर्ण है। इसलिए हमें अपने धर्म को प्रौढ़ मान कर दूसरे धर्मों को समझने की कोशिश करनी चाहिए। इसलिए गांधीजी हिन्दू होने के कारण अपने लिए हिन्दू धर्म को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए भी यह नहीं कह सकते कि हिन्दू धर्म सबके लिए सर्वश्रेष्ठ है और इस बात की तो स्वप्न में भी आशा नहीं रखते कि सारी दुनिया हिन्दू धर्म को अपनाये। इसी तरह गांधीजी ईसाइयों और मुसलमानों से यह अपेक्षा रखते हैं कि वे इस्लाम और ईसाई धर्म को समूचे विश्व का धर्म बनाने का सपना और उस दिशा में किए जा रहे अपने प्रयत्नों को छोड़कर, स्वधर्म का पालन करते हुए अन्य धर्मावलंबियों की मदद करें। निश्चित ही गांधीजी तब मिशनरियों की ओर से किए जा रहे धर्म परिवर्तन की कोशिश को सही नहीं ठहराते। वे स्वेच्छा से किसी भी मतावलंबी के अपनी आस्था बदलने को भी गलत नहीं कहते। आज देखा जाय तो वसीम रिजवी के हिन्दुत्व अपनाने के पीछे भी किसी संगठन का दबाव नहीं है। वे बहुत पढ़े-लिखे हैं। उन्होंने अपनी इच्छा से ही ऐसा किया है। अपनी पुस्तक पर शोरशराबा होने पर भी उन्होंने कहा था, ह्लअसदुद्दीन ओवैसी (एआईएमआईएम प्रमुख) ही हमारे खिलाफ एफआईआर करवा रहा है तो भाई एफआईआर करवाने से क्या मतलब हुआ हमने तुम्हारी किताबों के हवाले से किताब लिखा तो उन किताबों के हवाले से जवाब दे दो। अपने में इंसानियत पैदा कर लो, तुम इंसानियत का मजहब अख्तियार कर लो, हम अपनी किताब को वापस ले लेंगे। पता नहीं, यह किताब लिखने और उसे वापस लेने की बहस भी इस मामले में कहां तक चलेगी। फारसी के प्रसिद्ध विद्वान हाफिज शिराजी जैसे लोग तो बिरले ही होते हैं, जो सर्वधर्म समभाव पर जोर देते हैं। वे कहते हैं कि खुदा से मिलने की ख्वाहिश है तो सभी से मुहब्बत करो। वसीम रिजवी इस दिशा में कहां तक जाएंगे, अभी से कहा नहीं जा सकता। फिलहाल, उनके कदम में राजनीति देखी जायेगी। ऐसा देखना और कहा जाय तो करना भी गलत नहीं है, बशर्ते गांधीजी का ध्यान रखें। बापू ने तो बार-बार और साफ तौर पर कहा था कि उनकी राजनीति भी धर्म का ही हिस्सा है। उनके शब्दों में, ह्लमेरे बहुत से राजनीतिक मित्र मेरी आशा इसलिए छोड़ बैठे हैं कि उनका कहना है कि मेरी राजनीति भी मेरे धर्म से ही उद्भूत है और उनका यह कहना सही है। मेरी राजनीति तथा अन्य तमाम प्रवृत्तियों का स्रोत मेरा धर्म ही है। मैं तो इससे भी आगे बढ़कर यह कहूंगा कि धर्मपरायण व्यक्ति की प्रत्येक प्रवृत्ति का स्रोत ही धर्म होना चाहिए। (गांधी वांग्मय/57-214)। राजनीति में गांधी बहुतों के आदर्श हो सकते हैं। यहां मात्र धर्म और राजनीति के मामले में उनके विचार वसीम रिजवी के हिन्दुत्व अपनाने के संदर्भ में लिया गया है। उम्मीद है कि गांधीजी के कट्टर हिन्दू होते हुए राजनीति को भी उसी का अंग मानने को ध्यान में रखा जायेगा। इस पर भी विचार करना चाहिए कि आखिर गांधीजी हिन्दू धर्म को दूसरे मतों से श्रेष्ठ क्यों मानते हैं।

# ओमीक्रोनः अतिरिक्त सतर्कता की जरूरत

**सुरेश हिंदुस्थानी**




कोरोना की तीसरी लहर ने अपने कदम बढ़ाने प्रारंभ कर दिए हैं। आम आदमी जिस प्रकार लापरवाह हुआ है, उससे यही आशंका उत्पन्न होने लगी है कि ओमीक्रोन निश्चित प्रभाव दिखाएगा। इसके पीछे बड़ा कारण यही माना जा रहा है कि भारतीय समाज का बड़ा हिस्सा नियम-कानून के पालन की मानसिकता नहीं बना पाया है। इसके कारण जहां व्यक्तिगत स्तर पर कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है, वहीं यह लापरवाही समाज के लिए अत्यंत घातक हो जाती है। कोरोना संक्रमण की पिछली दो लहरों ने समाज को बहुत बड़ा सबक दिया लेकिन इस सबक का प्रभाव धीरे-धीरे विस्मृत होता जा रहा है। समाज ने इस प्रकार से जीना प्रारंभ कर दिया, जैसे कोरोना आया ही नहीं था। पहले और दूसरे संक्रमण के दौरान लगाए गए लॉकडाउन के दौरान जनमानस अच्छे-बुरे की पहचान कर चुका है, लेकिन ऐसा लगता है कि हम जानते हुए अनजान बन जाते हैं। इसी कारण यह परिलक्षित हो रहा है कि हम जीवन के प्रति सचेत नहीं हैं। तीसरी लहर की जद में विश्व के कई देश आ चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका, आस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे अपने आपको अत्यंत समृद्ध मानने वाले देशों की स्थिति विकराल होती जा रही है। कई देश पहली और दूसरी लहर के संत्रास से बाहर निकल भी नहीं पाए थे कि अचानक तीसरी लहर ने भी दस्तक दे दी।

भारत के लिए राहत है कि भारतीय वैक्सीन पहले भी सकारात्मक परिणाम देने में सार्थक प्रमाणित हुई है। अब तीसरी लहर की भयावह आशंका के बीच कहा जाने लगा है कि भारतीय वैक्सीन ओमीक्रोन को भी परास्त करने में सफल होगी। लेकिन हमें किसी प्रकार से आश्वस्ति की आवश्यकता नहीं है। आश्वस्ति का भाव निश्चित ही मनोबल बढ़ाने का कार्य करती है, परंतु इस मनोबल को बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार की अफवाह से खुद को मुक्त रखना, हम सभी का प्राथमिक कर्तव्य होना चाहिए। हम जानते हैं कि पहली लहर से पूर्व देश के कुछ हिस्सों में कोरोना संक्रमण रोकने के लिए धारा 144 और कर्फ्यू लगाने की आवश्यकता हुई। यह सब जनता को बड़े खतरे की चपेट में आने से रोकने के लिए किया गया। जो बहुत हद तक सफल भी रहा, लेकिन दूसरी लहर में फैली अफवाहों ने जनता के हौसले को तोड़ने का काम किया। विसंगति यह थी कि जिस विभाग को इसे रोकने का प्रयास करना चाहिए था, उसके ही कुछ स्वार्थी मानसिकता से ग्रस्त व्यक्तियों ने अपना लाभ देखने का भरपूर प्रयास किया। इस बार शासन, प्रशासन और आम जनता को भी सक्रिय भूमिका का प्रदर्शन करते हुए भ्रम फैलने से पहले ही जागरण का कार्य करना चाहिए, नहीं तो ऐसा न हो कि फिर से दूसरी लहर के दौरान बनने वाले हालात पैदा हो जाएं।

चीन के वुहान शहर से फैले कोरोना वायरस को शुरू में दुनिया के देशों ने हल्के में लिया, लेकिन जैसे ही कोरोना का विकराल रूप सामने आया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अमेरिका जैसे विकसित और चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर सेवा देने वाले इटली जैसे देशों में भी इस वायरस ने तबाही ला दी। अब कोरोना का नया वेरिएंट दक्षिण अफ्रीका से सामने आया है। कहा जा रहा है कि यह वायरस वैश्विक रूप से अपना प्रभाव दिखाएगा। इसलिए दुनिया के कई देश इसके प्रभाव को रोकने के लिए व्यापक तैयारियां कर रहे हैं। भारत में भी ओमीक्रोन संक्रमित व्यक्ति मिल रहे हैं। इसके निहितार्थ यही हैं कि भारत में भी इसका दुष्प्रभाव देखने को मिलेगा। इसे रोकने के लिए शासन स्तर पर तो नीति बनाई जा रही होंगी, लेकिन सामाजिक स्तर भी अभी से ठोस पहल करने की आवश्यकता है।

# ममता, नीतीश और मायावती की राह पर

**शकील अख्तर**

कांग्रेस का, राहुल का विरोध करने में कोई बुराई नहीं। बस ममता को शिवसेना के उन शब्दों पर गौर कर लेना चाहिए जो उसने अपने मुखपत्र सामना में लिखा कि बंगाल के चुनाव में पूरे देश ने उनका समर्थन किया था। मगर आज वे कांग्रेस और राहुल पर हमला करके मोदी सरकार की मदद कर रही हैं। ममता की राजनीति का नकाब उतर गया। वे अब नीतीश और मायावती की राह पर चल पड़ी हैं। ये जो सलाहकारनुमा चीज होते हैं बहुत खोज कर मुहावरे लाते हैं। प्रशांत किशोर इन दिनों ममता बनर्जी के पास हैं। ममता का स्पेस बनाने के लिए उन्होंने कहा कि विपक्ष का नेतृत्व कांग्रेस का दैवीय अधिकार नहीं है। बिल्कुल सही कहा। नहीं है! मगर पीके के पास क्या कोई रावणी शक्ति  है रूप बदलने की। जब चाहे साधु बनकर नरेटिव के अपहरण की। वे कोई उपभोक्ता वस्तुओं के ब्रांड मैनेजर नहीं हैं कि आज एक उत्पाद को अच्छा कहें, कल दूसरे को, परसों तीसरे को। राजनीति में इतनी तेजी के साथ पाला बदलने वालों को क्या कहते हैं वे तो पासवान से भी आगे निकलते दिखाई दे रहे हैं। सबसे पहले वे राहुल के पास आए थे। उनकी टीम में काम किया। और फिर जैसा कांग्रेस का इतिहास है कि यहां सीख कर, नाम कमा कर आदमी भाजपा की मदद करने लगता है। तो उसी परंपरा के मुताबिक यहां से अपना बायोडेटा जिसे आज रेज्यूमे, सीवी कहते हैं, मजबूत करके पीके 2014 में मोदी जी के पास चले गए। वहां से निकलकर फिर कांग्रेस के लिए काम किया। फिर नीतीश के  पास फिर कांग्रेस में कोशिश और सुरजेवाला द्वारा डपटे जाने की हम सलाहकारों के बयानों पर टिप्पणी नहीं करते पीके अब ममता के साथ चले गए। इतने रूप! तो यह तो कोई सकारात्मक दैवीय शक्ति नहीं कहलाएगी। यह तो रावण का रूप बदलना या शकुनि की कुटिल चाल ही कहलाएगी। इस तेजी के साथ तो ब्रांड मैनेजर भी प्रतिस्पर्धी ब्रांडों में नहीं जाते होंगे। उनकी भी कुछ व्यवसायिक वैल्यूज होती हैं। एक बार जीआरडी टाटा से पूछा गया था कि भारत की इकॉनामी में उनका सबसे बड़ा योगदान क्या है तो उनका विनम्र जवाब था कि मेरा कोई खास योगदान नहीं है। सिवाय नैतिक मूल्यों के। देश के बड़े आर्थिक जानकार मानते हैं कि टाटा समूह नैतिक मूल्यों से समझौता नहीं करता। इसी टाटा समूह की महत्वाकांक्षी छोटी कार नैनो के कारखाने का विरोध कर के ममता बंगाल की मुख्यमंत्री बनी थीं। सिंगुर का वह 2006 का आंदोलन पूरा झूठ पर आधारित था। उसके राजनीतिक परिणाम जो हुए वह अलग बात है। मगर हिन्दुस्तान की पहली छोटी कार नैनो उससे बुरी तरह हिल गई। सब मोटर विशेषज्ञ और नैनो चलाने वाले भी मानते हैं कि वह कार बहुत अच्छी थी। एक लाख में उससे अच्छा सस्ता सौदा नहीं हो सकता था। लेकिन सड़क पर आने से पहले उसके खिलाफ जो माहौल बना उसकी कीमत भारत के निम्न मध्यम वर्ग को चुकाना पड़ी। पहली कार खरीदने का उसका सपना टूट गया। उसी के बाद मारूति 800 बंद कर दी गई। और कारों की कीमतें बेतहाशा बढ़ गईं। टाटा ने इसे कभी मुद्दा नहीं बनाया। मगर आज 15 साल बाद जब ममता अडानी का हाथ जोड़कर स्वागत कर रही हैं तो इसके राजनीतिक रंगों के साथ वह दुर्भाग्यपूर्ण 15 साल भी दिखाई दे रहे हैं जिनमें बंगाल औद्योगिक रूप से बहुत पीछे चला गया। हालांकि ममता को यह



गलती मानना पड़ी। तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद उनकी सरकार ने उद्योगपतियों को बंगाल में दो मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने का आमंत्रण दिया। साथ ही उद्योगपतियों को खुश करने के लिए उनके उद्योग मंत्री ने यह भी कहा कि सिंगुर मामले में टाटा की कोई गलती नहीं थी। मगर उसके बाद भी उद्योगपतियों ने बंगाल की तरफ नहीं झांका। अब राहुल और कांग्रेस पर अटैक करने के बाद अडानी और अंबानी ममता से मिले। इसी से समझा जा सकता है कि ममता, पीके किस के लिए काम कर रहे हैं। पहले ममता ने दिल्ली आकर सोनिया से मिलने से इंकार किया। प्रधानमंत्री से मिलने पहुंचीं। राहुल पर उस भाषा में अटैक किया जिसमें भाजपा करती है। फिर उसे बल देने के लिए पीके को एक सिद्धांत गढ़ने के लिए कहा गया कि सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के स्वाभाविक विपक्ष का नेता होने पर कैसे सवाल खड़ा किया जा सकता है। तब पीके दैवीय शक्ति का सवाल लेकर आए। मजेदार है। राहुल गांधी अविचलित हैं। संसद से लेकर सड़क और प्रेस कांफ्रेंस हर उपलब्ध तरीके से जनता की आवाज उठा रहे हैं। और दूसरी तरफ मोदी सरकार, भाजपा, मीडिया, कांग्रेस का एक बागी गुट जी -23 और अब विपक्ष में से भी ममता बनर्जी राहुल के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। इन्हीं परिस्थितियों में 50 साल पहले 1971 में इन्दिरा गांधी ने कहा था कि, मैं कहती हूं गरीबी हटाओ, वे कहते हैं इन्दिरा हटाओ!' जनता पर इसका सीधा असर हुआ था। बागी कांग्रेसियों (कांग्रेस सिंडिकेट) और दूसरी कांग्रेस विरोधी पार्टियों का मोर्चा बुरी तरह हारा था। इन्दिरा गांधी 352 सीटों पर जीती थीं। उन दिनों बागियों द्वारा इन्दिरा को कांग्रेस से ही निकाल देने के बाद उनकी पार्टी का नाम कांग्रेस (इ) था। यह नारा आज भी प्रभावशाली है। हालांकि कांग्रेसी इसे भूल गए। वे सारा संघर्ष और कांग्रेस का इतिहास भूल जाते हैं। उन्हें केवल सत्ता याद रहती है। खैर तो कांग्रेसी तो भूल गए मगर भाजपा को इसकी ताकत याद है। उनका नारा उन्हीं के खिलाफ उपयोग करते हुए अमित शाह ने कहा था कि मोदी जी कहते हैं गरीबी हटाओ, राहुल गांधी कहते हैं मोदी हटाओ। सेम नारा। लेकिन यूज कांग्रेस के खिलाफ हो रहा है। क्यों  क्योंकि कांग्रेस को ही इस नारे के साथ जुड़े संघर्ष की कहानी याद नहीं। इन्दिरा जी उस समय संकट के सबसे खतरनाक दौर में घिरी हुई थीं। अपनी ही पार्टी से निष्कासित। लेकिन वे विचलित नहीं हुईं। शायद राहुल ने उन्हीं से सीखा है। वे भी आज कहीं से भी विचलित दिखाई नहीं देते। तो इन्दिरा जी निकल पड़ीं जनता को बताने कि मैं कहती हूं गरीबी हटाओ, और वे मुझे हटाने की बात करते हैं। पार्टी से निकाल दिया, विपक्ष के साथ मिल गए। पूंजीपतियों से मिल गए। मगर मैं आपसे मिलने आई हूं। गरीब के साथ, निम्न मध्यम वर्ग, छोटे दूकानदार, किसान, मजदूर के साथ सीधा संवाद। आजकल जैसा यूपी में प्रियंका कर रही हैं। इन्दिरा जी ने उस समय दो महीने में करीब 60 हजार किलोमीटर की यात्रा की थी। 300 से ज्यादा सभाएं संबोधित कीं। कांग्रेस का वोट प्रतिशत 44 पर पहुंचा दिया। जबकि आज भाजपा जो अपने सर्वोच्च शिखर पर है 2019 के चुनाव में केवल 37 प्रतिशत ही वोट ले पाई थी। उसी 2019 के चुनाव से पहले अमित शाह जो तब भाजपा अध्यक्ष थे ने इन्दिरा जी के नारे का उपयोग किया था कि मोदी जी कहते गरीबी हटाओ, राहुल कहते हैं मोदी हटाओ। इसमें दो बातें खास हैं। एक इन्दिरा गांधी की जनता से अपील को पकड़ना और दूसरे राहुल को महत्व देना। अमित शाह ने इन्दिरा की तरह अमूर्त यह नहीं कहा कि वे कहते हैं। उन्होंने विपक्ष भी नहीं कहा, कांग्रेस भी नहीं, साफ राहुल कहा। मतलब राहुल ही उन्हें सबसे बड़ी बाधा दिख रहे हैं। तब भी 2018 में जब यह नारा दिया था। और आज भी। और अब ममता को भी दिखने लगे। कांग्रेस का, राहुल का विरोध करने में कोई बुराई नहीं। बस ममता को शिवसेना के उन शब्दों पर गौर कर लेना चाहिए जो उसने अपने मुखपत्र सामना में लिखा कि बंगाल के चुनाव में पूरे देश ने उनका समर्थन किया था। मगर आज वे कांग्रेस और राहुल पर हमला करके मोदी सरकार की मदद कर रही हैं। ममता की राजनीति का नकाब उतर गया। वे अब नीतीश और मायावती की राह पर चल पड़ी हैं। उन्हीं की तरह भाजपा की छाया बनने। कभी ये दोनों नेता भी प्रधानमंत्री पद के सशक्त उम्मीदवार माने जाते थे। आज भाजपा की मेहरबानी से राजनीति करते हैं।

# दक्षिण अफ्रीकी बॉलरों के लिए सिरदर्द बने हनुमा विहारी, भारतीय टीम में मिल सकती है जगह



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में खेली गई टेस्ट सीरीज के लिए नहीं चुने गए हनुमा विहारी ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर सिलेक्टर्स को करारा जवाब दिया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ तीन अनऑफिशियल मैचों की टेस्ट सीरीज में तीसरी फिफ्टी जड़ते हुए भारत की वापसी कराई। उनकी और विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन की शानदार फिफ्टी की बदौलत भारत ए ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ तीसरे अनऑफिशियल टेस्ट के दूसरे दिन छह विकेट पर 229 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका ए ने पहली पारी में 268 रन बनाए थे। दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर किशन 141 गेंद में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 86 रन बनाकर खेल रहे थे, जबकि विहारी ने 170 गेंद में 63 रन बना लिए हैं, जिनमें छह चौके और एक छक्का शामिल है। इनके अलावा अभिमन्यु ईश्वरन ने 28 और सरफराज खान ने 14 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ पांच और देवदत्त पडीक्कल आठ रन बनाकर आउट हो गए।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर रहने वाले हनुमा को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारत-ए टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने यहां इस मौके को अच्छी तरह भुनाया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए दावा पेश किया है। विहारी जब पिछली बार भारत के लिए खेले थे, तो उन्हें हैमस्ट्रिंग चोट का सामना करना पड़ा था। लेकिन जनवरी में सिडनी टेस्ट मैच में उन्होंने भारत को हार से बचाने में मदद की थी। इसके बाद भारत ने ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीती थी। विहारी ने अपने करियर में अबतक केवल 12 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने घर में केवल एक ही टेस्ट खेला है। दक्षिण अफ्रीका ए पहले दिन के स्कोर सात विकेट पर 249 रन से आगे खेलते हुए अपने स्कोर में 19 रन ही जोड़ सकी। दक्षिण अफ्रीका-ए के लिए सरेल एर्वी ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए। प्रोटियाज टीम को 268 रनों पर ही समेटने में भारतीय तेज गेंदबाजों का खास योगदान रहा। भारत के लिए तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने 45 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि नवदीप सैनी ने 51 रन देकर तीन विकेट लिए। इसके अलावा युवा सौरभ कुमार ने 52 रन देकर दो विकेट झटके।



# चैम्पियनशिप खेलने के लिए मूकबधिर महिला क्रिकेट टीम चंडीगढ़ रवाना

## खिलाड़ियों को दिया गया किट, मैनेजर बनाये गये अंकित सिंह

**लखनऊ।** लखनऊ के के.डी सिंह बाबू स्टेडियम में आज उत्तर प्रदेश की मूकबधिर महिला क्रिकेट टीम का चयन हो गया। टीम के खिलाड़ियों को महेश गुप्ता, आई.ए.एस., राज्यपाल उत्तर प्रदेश के एडनीशनल चीफ सेक्रेटरी द्वारा किट प्रदान की गयी। यह टीम आगामी 10 से 12 दिसम्बर तक चण्डीगढ़ में आयोजित होने वाली प्रथम नार्थ जोन टी 10 क्रिकेट चैम्पियनशिप फॉर दी डेफ फार वुमेन में हिस्सा लेगी। टीम में कप्तान शवि मिश्रा, उप कप्तान प्रिया अवस्थी, प्रतिमा मिश्रा, शालिनी त्यागी, प्रियंका त्रिपाठी, पारूल दीक्षित, तान्या भल्ला, दीप्ति सिंह, अर्चना पांडेय, प्रज्ञा दीक्षित, आंचल गुप्ता, आदिती लोइवल, पायल गुप्ता, स्वाति गुप्ता शामिल हैं। वहीं टीम का कोच आशीष बाजपेयी नियुक्त हैं। मैनेजर अंकित सिंह को बनाया गया है। इस अवसर पर मुनव्वर अंजार, महासचिव, इण्डियन ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो एसोसिएशन, सुधीर हलवासिया, महासचिव, यूपी ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो एसोसिएषन, अजय सेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, राजेन्द्र शर्मा, घनश्याम मौर्य, गनेश सिंह मौजूद रहे।

# किसान ने एडीएम से की सचिव की शिकायत, एडीएम ने जांच के दिये आदेश

## कमीशन न देने पर काला धान बताकर किसानों को किया जा रहा परेशान

अखंड भारत संदेश

**कुरावली।** एक तरफ किसान खाद बीज के लिए परेशान दिखाई दे रहा है। दूसरी तरफ किसानों के अनाज के लिए सरकारी अधिकारी व कर्मचारी परेशान करने में लगे हुये है। योगी सरकार कमीशन को लेकर बेहद गंभीर भी दिखाई दे रहे है। ऐसा एक मामला सुजरई स्थित साधन सहकारी समिति से जुड़ा हुआ है।

मामला सुजरई साधन सहकारी समिति पर बीते दिवस देखने को मिला कि सरायलतीफ निवासी रामगोपाल पुत्र जबाहर सिंह गोदाम पर लगभग 50 कुंतल धान लेकर पहुंचा तो वहां मौजूद सचिव वेदप्रकाश मिश्रा ने किसान से 50 कुंतल धान का कमीशन 10000 हजार ले लिया। और उसका आधा धान तौल लिया। उसके बाद शेष धान का कमीशन 200 प्रति कुंतल और मांगा तो किसान ने नही दिया तो सचिव वेदप्रकाश मिश्रा के द्वारा धान को काला बताकर लौटा दिया। किसान गौरव ने एडीएम से शिकायत करने के बाद उसका धान खरीदा गया। किसान व सचिव के बीच काफी देर तक नोकझोंक भी हुई जिसकी वीडियो शोसल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। सचिव के द्वारा 5000 हजार रुपये लेने के बाद दोनों में जमकर कसम कसमें खाते नजत आ रहे है। जिसकी वीडियो किसी सख्स ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। एडीएम ने सचिव के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

**क्या कहते है एडीएम.....**

इस समंध में एडीएम से बात की तो उन्होंने बताया कि किसान के द्वारा शिकायत मिली है कि कमीशन न देने पर धान काला बताकर लौटा दिया है। जिसे सचिव को तत्काल धान खरीदे जाने के निर्देश दिये जा चुके है।और सचिव वेदप्रकाश मिश्रा के द्वारा किसानों से 200 रुपये प्रति कुंतल कमीशन लिया जा रहा है जिसकी टीम बनाकर जांच कराई जायेगी। जांच के आधार पर सचिव के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी।

**रामजी मिश्रा एडीएम मैनपुरी।**

# दक्षिण अफ्रीकी दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम घोषित, बुमराह, राहुल, रोहित की वापसी, अजिंक्य रहाणे से छिनी उप-कप्तानी



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टेस्ट टीम की घोषणा कर दी। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए सिलेक्शन कमिटी ने 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जबकि चार खिलाड़ियों को स्टैंडबाय के तौर पर टीम में चुना है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज से रोहित शर्मा, ऋषभ पंत, मोहम्मद शमी, शार्दुल ठाकुर और जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया था, इन सभी की टीम में वापसी हो गई है। रविंद्र जडेजा चोट के चलते टीम का हिस्सा नहीं हैं। इसके अलावा श्रेयस अय्यर और हनुमा विहारी दोनों को टीम में जगह मिली है। रोहित शर्मा को टेस्ट टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। अजिंक्य रहाणे टीम का हिस्सा हैं, लेकिन उनसे उप-कप्तानी ले ली गई है। विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा (उप-कप्तान), केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, ऋषभ पंत, ऋद्धिमान साहा, आर अश्विन, जयंत यादव, इशांत शर्मा, मोहम्मद शमी, उमेश यादव, जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज।

**स्टैंडबाय खिलाड़ी:** नवदीप सैनी, सौरभ कुमार, दीपक चाहर, अरजन नगवासवाला।

रविंद्र जडेजा, शुभमन गिल, अक्षर पटेल और राहुल चाहर चोट के चलते टीम का हिस्सा नहीं हैं और सभी फिलहाल रिहैब में हैं। इसके अलावा ऑल इंडिया सीनियर सिलेक्शन कमिटी ने रोहित शर्मा को टी20 के बाद वनडे टीम की कप्तानी भी सौंप दी है। विराट अब बस टेस्ट टीम की कप्तानी करेंगे और बल्लेबाज के तौर पर वनडे और टी20 टीम में खेलेंगे। इस दौरे पर टीम इंडिया को तीन मैचों की वनडे इंटरनैशनल सीरीज भी खेलनी है। सीरीज का पहला वनडे 19 जनवरी को, दूसरा वनडे 21 जनवरी को और आखिरी वनडे 23 जनवरी को खेला जाना है। पहले दो वनडे मैच पार्ल के बोलैंड पार्क में खेले जाएंगे, जबकि आखिरी वनडे मैच केपटाउन के न्यूलैंड्स मैदान पर खेला जाना है।

# ड्वेन ब्रावो ने किया कन्फर्म, आईपीएल 2022 में खेलेंगे



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी से पहले आईपीएल की 8 फ्रेंचाइजी ने रिटेन किए गए अपने खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी है। एक फ्रेंचाइजी अधिकतम 4 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती थी। ऐसे में कई खिलाड़ियों को टीमों ने रिलीज कर दिया है। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने अगले महीने आईपीएल 2022 के लिए नीलामी में शामिल होने की पुष्टि कर दी है। उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने रिटेन नहीं किया है। ब्रावो ने कहा,'मुझे सीएसके द्वारा रिटेन नहीं किया गया है, लेकिन मैं नीलामी में रहूंगा, मैं नीलामी में 100 प्रतिशत रहूंगा। मुझे नहीं पता है कि सीएसके द्वारा मुझे खरीदा जाएगा या नहीं। मुझे दूसरी टीम में भी ले सकती हैं, क्योंकि मैं ऑक्शन में हूं।' सीएसके ने चार आईपीएल खिताब जीते हैं। ब्रावो सीएसके के मुख्य आधारों में से एक थे। हालांकि, चोट और फॉर्म की चिंताओं के कारण ऑलराउंडर ने पिछले दो सीजन में खास प्रदर्शन नहीं किया है।' सीएसके ने मोईन अली को विदेशी खिलाड़ी के तौर पर रिटेन किया है। ब्रावो ने धोनी को उनके करियर में मदद करने में मदद करने का श्रेय दिया।

# रोहित शर्मा होंगे टीम इंडिया के नए वनडे कप्तान, विराट सिर्फ टेस्ट में करेंगे कप्तानी

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका दौरे के लिए टीम इंडिया की टेस्ट टीम का ऐलान कर दिया है। इसी के साथ रोहित शर्मा को नई जिम्मेदारी दे दी गई है। वो टी-20 इंटरनेशनल के बाद टीम इंडिया के नए वनडे कप्तान बनाए गए हैं। विराट कोहली से वनडे कप्तानी वापस ले ली गई है। ऑल इंडिया सिलेक्शन कमेटी ने बुधवार को ये फैसला लिया। रोहित शर्मा को टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टीम इंडिया का नया टी-20 कप्तान बनाया गया था। रोहित को 2023 वनडे वर्ल्ड कप तक टीम इंडिया का कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को हाल ही में तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 3-0 से मात दी थी। इससे पहले विराट कोहली की अगुवाई में टी-20 वर्ल्ड कप 2021 में भारत का प्रदर्शन बेद खराब रहा था। उसे लगातार दो मैचों में हार मिली थी और टीम सेमीफाइनल तक भी नहीं पहुंच पाई थी। हालांकि विराट ने टीम इंडिया की टी-20 टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान पहले ही कर दिया था।

# पूर्व मंत्री आलोक शाक्य ने आलिया मेमोरियल सेवा संस्थान के द्वारा निशुल्क वितरित किए गर्म कपड़े



अखंड भारत संदेश

**भोगांव/मैनपुरी।** सर्दी के मौसम में संपन्न परिवार के लोगों की हालत खराब हो जाती है ।तो ऐसे में सड़कों पर और झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले गरीबों की और उनके बच्चों की क्या हालत होगी इसी दर्द को समझते हुए जी.टी. रोड़ स्थित गुलजार कॉलोनी में आलिया मैमोरियल सेवा संस्थान के द्वारा गरीबों में निशुल्क जूता, कम्बल, जैकट, शॉल,स्वेटर, वितरित करने का काम किया है। जिसका उद्घाटन पूर्व मंत्री आलोक शाक्य द्वारा किया गया ।इस मौके पर पूर्व मंत्री आलोक शाक्य ने कहा कि हम सभी को गर्म कपड़ों का दान देकर गरीबों की मदद करनी चाहिए ।उन्होंने कस्बे के लोगों से अपील कि जो लोग जिन गर्म वस्त्रों को वह अपने प्रयोग में नहीं ला रहे हैं ऐसी वस्तुओं व जिनके पास ईश्वर की कृपा से नए गर्म कपड़े , जूता, कम्बल, खरीद कर अपने आस-पास की झुग्गी झोपडियों में देकर गरीब लोगों का सहयोग करें ताकि वे भी ठंड से अपना बचाव कर सकें। गरीब की सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। इसी क्रम में आलिया मेमोरियल सेवा संस्थान के संस्थापक समाजसेवी गुलजार मास्टर ने कहा कि इन दिनों सुबह शाम कड़के की सर्दी पड़ रही है। इस स्थिति में कस्बे में गरीब लोग ऐसे हैं जो बिना गर्म कपड़ों के रह रहे हैं।

इस स्थिति को देखते हुए गरीबो को नए गर्म कपड़े, कम्बल, जूता, जैकिट, शॉल जरूरतमंदों को बांटने का निर्णय लिया ।जिसमे हमनें हर एक व्यक्ति को 3 चीजें उसकी मर्जी से दी ये कार्यक्रम दिनाँक 8 दिसंबर व 9 दिसंबर दो दिन चलेगा ।औ? उन्होंने कहा कि हम लोग अपने पूर्वजों से गरीब, असहाय लोगों की सहायता करना सीखे हैं। हमेशा यही प्रयास रहता है कि गरीब लोग दरवाजे से खाली हाथ न लौटे। इस मौके पर आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के मैनेजर कुलपति मिश्रा, समाजसेवी गुलजार मास्टर, इकबाल अहमद,अहमद अली, समाजसेवी जामा मस्जिद सदर शकील खान उर्फ फूल मियां,आरिफ अली,दीपेंद्र यादव,पूर्व नगर अध्यक्ष तौसीफ खान,नौशाद अली, अहसन,राशिद मंसूरी, हाफिज रिजवान,असलम आदि लोग मौजूद रहे।

# बाबर आजम ने बल्ले के बाद गेंदबाजी में दिखाया कमाल, लिया पहला इंटरनेशनल विकेट

**नई दिल्ली।** बाबर आजम में बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज को आउट करके इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना पहला विकेट ले लिया है। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में गेंदबाजी करने के एक दिन बाद दूसरे टेस्ट के पांचवें दिन अपना पहला विकेट लिया। बाबर 76 वें ओवर में गेंदबाजी करने के लिए आए और दूसरी गेंद पर सिराज को फंसा लिया। सिराज ने स्वीप की कोशिश की, लेकिन गेंद टकराकर सीधे उनके पैड में लगी। फील्ड अंपायर के नॉटआउट करार दिए जाने के बाद पाकिस्तान ने रिव्यू लिया। थर्ड अंपायर ने सिराज को आउट करार दे दिया। बारिश के कारण टेस्ट मैच का बड़ा हिस्सा प्रभावित हुआ। मेजबान बांग्लादेश पहली पारी में 87 रनों पर ऑलआउट हो गई थी। पाकिस्तान ने पहली पारी में 300 रन बनाए।

**अखंड भारत संदेश** के लिए (स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति) क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित एवं विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधवकुंज, कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति पी.आर.बी .एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदाई। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

UPHIN 29506

**कार्यालय ग्राम पंचायत कबरा वि. ख. करछना प्रयागराज**

**टेण्डर/कोटेशन**

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत कबरा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 08–12–2021 से दिनांक 18–12–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत कबरा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 25–12–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 25–12–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पाल बस्ती तालाब से शिवधारी के घर होते हुए तालाब तक 110 मी. नाली मरम्मत कार्य | 1.80 लाख | 2 माह |
| 2. | रामलाल के घर से गोपाल पाण्डेय के घर तक इंटरलाकिंग कार्य 50 मी. | 1.50 लाख | 2 माह |
| 3. | कबरा पक्की सड़क से पक्की सड़क तक इंटरलाकिंग कार्य 100 मी. | 4.00 लाख | 3 माह |
| 4. | उच्च प्राथमिक विद्यालय मरम्मत कार्य | 3.00 लाख | 2 माह |

बब्बू लाल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कबरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2020–21/ दिनांक

शिव ओम चौधरी
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कबरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# आजादी के बाद नहीं हुई जातिवार गणना

## पूर्वोत्तर से एएफएसपीए हटाने की उठी मांग



**नई दिल्ली ।** संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है। हालांकि राज्यसभा से 12 सांसदों के निलंबन को लेकर विपक्ष का शोर-शराबा जारी है। विपक्ष लगातार मोदी सरकार पर हमलावर हैं। लोकसभा और राज्यसभा दोनों में ही विपक्ष किसानों और नागालैंड मुद्दे को लेकर सरकार को घेर रहा है। कुल मिलाकर देखें तो संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लगातार गतिरोध कायम है। राज्यसभा में नेता विपक्ष खड़गे ने साफ तौर पर आरोप लगा दिया है कि संसद में पैदा हो रही अड़चनों के लिए सरकार ही जिम्मेदार है। वहीं, सरकार की ओर से निलंबित 12 सांसदों से लगातार माफी मांगने को कहा जा रहा है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने तो साफ तौर पर कह दिया है कि अगर वह आज भी माफी मांगते हैं तो हम निलंबन को वापस लेंगे।

सरकार ने लोकसभा को सूचित किया कि उसने जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम में संशोधन का मसौदा तैयार किया है जिसके माध्यम से राज्यों में पंजीकरण के रिकॉर्ड को राष्ट्रीय स्तर पर आंकड़ों में शामिल करने का प्रावधान जोड़ा गया है। लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी के दो सदस्यों ने धर्मांतरण का मुद्दा उठाते हुए मांग की कि दूसरा धर्म अपनाने वाले लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। सदन में शून्यकाल में ही बीजू जनता दल के एक सांसद ने समान नागरिक संहिता को लागू करने की भी मांग उठाई।

भाजपा के निशिकांत दुबे ने झारखंड में धर्मांतरण के विषय को उठाते हुए कहा कि प्रलोभन देकर लोगों का धर्म परिवर्तन कराने का चलन बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 341 में कहा गया है कि अनुसूचित जाति (एससी) के लोग यदि धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा, इस कारण से एससी वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है।

भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने पशुओं के खिलाफ क्रूरता को रोकने के लिए सख्त कानूनी प्रावधान की मांग करते हुए लोकसभा में कहा कि पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 में जरूरी संशोधन किए जाएं। सरकार ने मंगलवार को बताया कि देश में आजादी के बाद से जनगणना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के अलावा अन्य जातिवार गणना नहीं की गई है। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि जातियों एवं जनजातियों को समय-समय पर यथा संशोधित (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 तथा संविधान अनुसूचित जनजाति आदेश 1950 के तहत विशेष रूप से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के रूप में अधिसूचित किया गया है और इनकी एक दशक में होने वाली जनगणना में गिनती की जाती है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने आजादी के बाद से जनगणना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के अलावा अन्य जातिवार गणना नहीं की है। निलंबित 12 सदस्यों का निलंबन वापस लिए जाने की मांग कर रहे।



# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोरखपुर में जनता को खाद कारखाना और एम्स का दिया तोहफा

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नागरिक सेवाओं और विभन्नि विकास परियोजनाओं के लोकार्पण के लिये आज गोरखपुर पहुंच गये। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और राज्य के मुख्यमत्री योगी आदत्यिनाथ ने गोरखपुर हवाईअड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। मोदी गोरखपुर में हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के उर्वरक कारखाने और अखिल भारतीय आयुर्वज्ञिान संस्थान (एम्स) सहित कुल 9600 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की विकास की कुछ अन्य परियोजनायें राष्ट्र को समर्पित किया।गौरतलब है कि एम्स की अनुमोदित लागत 1,011 करोड़ रुपए है। इसकी स्थापना 112 एकड़ क्षेत्र में की जा रही है। इस उच्चस्तरीय विशेषज्ञ चिकत्सिा संस्थान के माध्यम से मरीजों को उत्कृष्ट चिकत्सिा सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। इसके अलावा गोरखपुर में स्थापित किए जा रहे भारतीय चिकत्सिा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के रीजनल मेडिकल रिसर्च सेण्टर, इंसेफेलाइटिस, डेंगू, चिकुनगुनिया, कालाजार सहित कोविड-19 जैसी बीमारी के वायरस की पहचान करने तथा उसके उपचार के लिए अनुसंधान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से, कई अहम घोषणाएं कर सकती है योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से शुरू होगा। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर योगी सरकार अगले वित्तीय वर्ष के लिए पूर्ण बजट लाने के बजाए चार महीने का लेखानुदान इस सत्र में पास कराएगी। साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष का दूसरा अनुपूरक बजट लाया जा सकता है। खास बात यह है कि मौजूदा 17 वीं विधानसभा का यह संभवतः आखिरी सत्र है। इसमें सरकार कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कर सकती है। अभी सत्र का कार्यक्रम तय होना है। इसी सत्र के बीच योगी सरकार की कैबिनेट बैठक वाराणसी में 16 दिसंबर को प्रस्तावित है। काशी विश्वननाथ मंदिर कारीडोर के लोकार्पण की तैयारियों व अन्य आयोजनों की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वहां कई दिन प्रवास करेंगे।



विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच प्रदेश सरकार ने लेखानुदान तैयार भी कर लिया है। जुलाई तक के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले लेखानुदान का आकार करीब पौने दो लाख करोड़ रुपये का हो सकता है। सरकार चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए दूसरा अनुपूरक बजट भी ला सकती है। लेखानुदान के तहत नये वित्तीय वर्ष में जुलाई माह तक के लिए जरूरी खर्चों के लिए बजट का प्रारूप तैयार कर लिया है। बताया जा रहा है कि सरकार लेखानुदान इसी 15 दिसंबर को सदन में प्रस्तुत कर सकती है। अनुपूरक के माध्यम से एक्सप्रेस-वे और जेवर एयरपोर्ट के लिए और धनराशि का आवंटन होगा। मथुरा के पर्यटन व धार्मिक विकास के मद में भी सरकार कोई नई घोषणा कर सकती है। हाल के दिनों में राजनीतिक हल्के में काशी, अयोध्या के बाद मथुरा की चचाएं होने से मथुरा के लिए अनुपूरक से कुछ खास देने का इंतजाम करने का अनुमान लगाया जा रहा है। स्कालरशिप के मद में भी और बजट का इंतजाम अनुपूरक के माध्यम से किए जाने की उम्मीद है।

## बरेलीः बीएल एग्रो कंपनी में हादसा, टैंक की सफाई करते समय तीन मजदूरों की मौत, चार बेहोश

**बरेली।** बरेली शहर के सीबीगंज इलाके स्थित बीएल एग्रो की जौहरपुर इकाई में मंगलवार को जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य मजदूर बेहोश हो गया। यूनिट में यह हादसा टैंक की सफाई के दौरान हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बरेली के अपर जिलाधिकारी (नगर) राम दुलारे पांडे ने बताया कि बीएल एग्रो की जौहरपुर यूनिट स्थित टैंक की सफाई करने के लिए तीन मजदूर टैंक में उतरे। लेकिन काफी समय बाद भी बाहर नहीं आने पर एक अन्य मजदूर को उन्हें देखने के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि बाद में किसी तरह से चारों मजदूरों को टैंक से बाहर निकाला गया।

# देश में लगातार बढ़ रहे ओमिक्रॉन मामले, दस मामले आए सामने

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन के मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र के पुणे शहर में ओमिक्रोन के दस और नए मामले सामने आए हैं। पुणे के एक शीर्ष अधिकारी ने जानकारी दी कि हवाई अड्डे पर लगभग 30 हजार यात्रियों का कोरोना टेस्ट किया गया। इनमें से दस लोगों में ओमिक्रोन की रिपोर्ट पाजिटिव आई है। इसके पहले सोमवार को मुंबई में ओमिक्रोन वैरिएंट के दो मामले सामने आए थे। महाराष्ट्र में इस वैरिएंट से संक्रमित लोगों की कुल संख्या अब 20 हो गई है। देशभर में ओमिक्रोन से संक्रमितों की कुल संख्या 33 हो गई है, जिनमें से महाराष्ट्र में 20, राजस्थान में नौ, दिल्ली में एक, गुजरात में एक और कर्नाटक में दो मामले सामने चुके हैं। देश में बीते 24 घंटों के अंदर आज साढ़े छह हजार से ज्यादा मामले सामने आए हैं। इस दौरान 220 कोरोना संक्रमितों की मौत हुई है।



इस बीच महाराष्ट्र सरकार में मंत्री असलम शेख ने बताया कि मुंबई को हाई अलर्ट पर रखा गया है। जो लोग बाहर से आ रहे हैं उन्हें क्वारंटाइन करने के लिए कोविड सेंटर तैयार किए गए हैं। साथ ही 20 होटल भी हैं जहां वो रह सकते हैं। सभी अस्पतालों और कोविड सेंटरों में भी आक्सीजन की व्यवस्था की गई है। ओमिक्रोन वैरिएंट से दहशत के बीच देश में कोरोना महामारी को लेकर कुछ सुकून देने वाली खबर मिली है। 558 दिन यानी डेढ़ साल बाद कोरोना संक्रमण के नए मामले सबसे कम 6,822 सामने आए हैं जिसमें से अकेले केरल से ही 3,277 केस हैं। सक्रिय मामलों में भी करीब साढ़े तीन हजार की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, देश में ओमिक्रोन के पहले दो मरीजों में से एक बेंगलुरु के डाक्टर की कोरोना जांच रिपोर्ट फिर पाजिटिव आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार सुबह आठ बजे अपडेट किए गए आंकड़ों के मुताबिक सक्रिय मामलों की घटकर 95,014 रह गई है जो कुल मामलों का 0.27 फीसद है। कोरोना महामारी की वजह से 220 लोगों की जान भी गई है, इसमें भी 168 मौतें अकेले केरल से हैं। बृहद बेंगलुरु महानगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि ओमिक्रोन से संक्रमित पाए गए डाक्टर को क्वारंटाइन में रखा गया है। डाक्टर के साथ गुजराती मूल के जिस दक्षिण अफ्रीकी नागरिक को ओमिक्रोन से संक्रमित पाया गया था वह प्रशासन को बताए बिना विदेश चला गया है, इस मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# संयुक्त रैली में भाजपा पर बरसे अखिलेश-जयंत, बोले- लाल का इंकलाब होगा, 2022 में बदलाव होगा

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में तमाम पार्टियां मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रही हैं। इसी बीच समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव, राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) नेता जयंत चौधरी ने मेरठ में मंगलवार को संयुक्त रैली की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा। जयंत चौधरी ने कहा कि हम लोग लखीमपुर की घटना को भूल नहीं सकते हैं कि किस तरह से किसानों को रौंदा गया था। 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गए। पहले मैंने घोषणा की थी कि रालोद अपनी जमीन देगी और शहीद किसानों के बलिदान में स्मारक बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का देखा आपने क्या हाल है, बिजनौर में विधायक ने नारियल फोड़ा, सड़क टूट गई। जयंत चौधरी ने कहा कि आज इसी मंच से मैं गठबंधन का एलान करता हूं, यह डबल इंजन की सरकार आएगी और प्रदेश को नए आयाम तक ले जाएगी। उन्होंने कहा कि एक साथ किसानों पर वार हुआ, किसानों का अपमान हुआ। लेकिन भाजपा के किसी भी नेता की एक शब्द बोलने की हिम्मत नहीं हुई।



वहीं सपा प्रमुख ने एक ट्वीट में लिखा कि भाजपा के लिए रेड एलर्ट है महंगाई का, बेरोजगारी-बेकारी का, किसान-मजदूर की बदहाली का, हाथरस, लखीमपुर, महिला व युवा उत्पीड़न का, बर्बाद शिक्षा, व्यापार व स्वास्थ्य का और लाल टोपी का क्योंकि वो ही इस बार भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी। लाल का इंकलाब होगा, बाइस में बदलाव होगा! अखिलेश यादव ने कहा कि यह मैदान भर गया है और अभी भी लोगों का आना जारी है, इस भव्य और शानदार रैली के लिए मैं राष्ट्रीय लोकदल और समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

## मायावती ने बनाया 86 सीटों को जीतने के लिए खास प्लान

**लखनऊ।** बसपा प्रदेश की सुरक्षित 86 सीटों पर जीत के लिए बुधवार से अभियान की शुरूआत करने जा रही है। इन सीटों पर आगड़ों और ब्राह्मणों को जोड़ने की जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र को सौंपी गई है। इसके पहले मायावती इन सभी सुरक्षित सीटों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीति बना चुकी हैं। मायावती का मनना है कि सर्वाधिक सुरक्षित सीटें जीतने वाले की सत्ता की राह आसान हो जाती है। बसपा के पास अपना कॉडर वोट बैंक हैं। इस वोट बैंक के साथ जाट, मुस्लिम और ब्राह्मणों को जोड़ने का काम शुरू किया गया है। राष्ट्रीय महासचिव सभी सुरक्षित सीटों पर मंडलीय सभाएं करेंगे। पहली सभा बुधवार को रामपुर मनिहारन सहारनपुर में होगी।

# नहीं थम रहा राजद्रोह कानून का इस्तेमाल



**नई दिल्ली।** असम में एक न्यूज वेबसाइट पर प्रकाशित लेख के कारण एक पत्रकार पर देशद्रोह का मामला दर्ज हुआ है. भारत की सर्वोच्च अदालत बार बार देशद्रोह का मामला बनाने पर सवाल खड़े कर चुकी है, लेकिन सरकारें ऐसा करने से बाज नहीं आ रही हैं.इस साल जुलाई में सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून के दुरुपयोग पर गहरी चिंता जताते हुए केंद्र सरकार से इसे जारी रखने के औचित्य पर सवाल पूछा था. उससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ के खिलाफ दर्ज राजद्रोह का मामला रद्द करने का आदेश दिया था. लेकिन बावजूद इसके केंद्र और राज्य सरकारें लगातार इस कानून को अपने हित में इस्तेमाल करती रही हैं. ताजा मामले में असम की बराक घाटी में एक स्थानीय समाचार पोर्टल पर छपे एक संपादकीय के लिए संपादक के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है।

हालांकि गिरफ्तारी के बाद उनको निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया है. लेकिन इस मामले ने पूर्वोत्तर में पत्रकारों के उत्पीड़न के बढ़ते मामलों पर नई बहस छेड़ दी है. ताजा मामला असम के सिलचर स्थित एक पत्रकार के खिलाफ कथित आपत्तिजनक लेख के चलते बीते शनिवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए (राजद्रोह) सहित कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था. राज्य के कछार जिले में ह्यबराक बुलेटिन' नामक न्यूज पोर्टल चलाने वाले पत्रकार अनिर्बाण रॉय चौधरी को कछार पुलिस ने समन भेजा था. सिलचर निवासी शांतनु सूत्रधर नामक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. बीते एक दिसंबर को दायर सूत्रधर की शिकायत में आरोप लगाया गया था कि चौधरी के लेख के कारण असम के बंगाली और असमिया के लोगों का आपसी भाईचारा बिगड़ सकता है. अनिर्बाण को सोमवार को थाने में बुलाया गया था। इस मामले में गिरफ्तारी के बाद उनको निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया है. पूर्वोत्तर में पत्रकारों के उत्पीड़न का यह पहला या आखिरी मामला नहीं है।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी की रिपोर्ट दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन हुई मारपीट व गालीगलौज को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ मंगलवार की रात केस दर्ज किया है। कोतवाली के बासूपुर निवासी अभय प्रताप सिंह पुत्र मंगलमूरत ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती पांच दिसंबर को रंजिश को लेकर गांव के हरिशरण सिंह पुत्र लालबहादुर, संतोष सिंह पुत्र हरिशरण, अजीत सिंह पुत्र हरिशरण व प्रिंस सिंह पुत्र संतोष सिंह ने उसे लाठी डंडे से मारापीटा। विरोध करने पर आरोपियो ने गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी।

# एंजेला मर्केल की विदाई के साथ एक युग का अंत, अब शोल्ज संभालेंगे कामकाज

**बर्लिन।** जर्मनी की निवर्तमान चांसलर एंजेला मर्केल भले ही सत्ता से दूर होने वाली हैं, लेकिन 16 साल के अपने कार्यकाल में उन्होंने इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज करा लिया है।

मर्केल, 22 नवंबर 2005 को जर्मनी की चांसलर बनने वाली पहली महिला थीं। अपने रेकॉर्ड कार्यकाल में मर्केल (67) ने विदेशों में सराहना और देश में काफी लोकप्रियता हासिल की। उनके नामित उत्तराधिकारी ओलाफ शोल्ज के बुधवार को पदभार ग्रहण करने की उम्मीद है। शोल्ज निवर्तमान वित्त मंत्री एवं वाइस चांसलर हैं। पूर्व वैज्ञानिक मार्केल कम्युनिस्ट विचारधारा वाले पूर्वी जर्मनी में पली-बढ़ीं। सबसे अधिक समय तक पद पर बने रहने के अपने संरक्षक, हेल्मुट कोहल के रिकॉर्ड को वह नहीं तोड़ेंगी, क्योंकि वह उनके रिकॉर्ड समय से करीब एक सप्ताह पहले ही पद छोड़ देंगी।



कोहल ने 1982-1998 के अपने कार्यकाल के दौरान जर्मनी को फिर से जोड़ा था। मर्केल ने अपने कार्यकाल में चार अमेरिकी राष्ट्रपतियों, चार फ्रांसीसी राष्ट्रपतियों, पांच ब्रिटिश प्रधानमंत्रियों और आठ इतालवी प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया। अपने कार्यकाल में उन्होंने चार प्रमुख चुनौतियों - वैश्विक वित्तीय संकट, यूरोप का ऋण संकट, 2015-16 में यूरोप में शरणार्थियों की आमद और कोविड-19 वैश्विक महामारी का सामना किया।

# यूक्रेन के रक्षा मंत्री की धमकी, कहा- मॉस्को ने हमला किया तो होगा नरसंहार, ताबूत में जाएंगे रूसी

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी तनाव के बीच यूक्रेन के रक्षा मंत्री ने मॉस्को को धमकी दी है। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनिकोव ने सीएनएन से बातचीत में कहा है कि अगर रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो वाकई नरसंहार होगा। उन्होंने कहा है कि अगर मॉस्को हमला करता है तो रूसी ताबूत में वापस जाएंगे। ओलेक्सी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मॉस्को के खिलाफ मजबूती से खड़े रहने की अपील की है। बता दें कि यूक्रेन मसले को लेकर जल्द ही रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन वीडियो कॉन्फ्रेंस करने वाले हैं। अमेरिका सहित यूरोपीय देशों ने यूक्रेन बॉर्डर पर रूसी सैनिकों के जमावड़े पर सवाल उठाए हैं। पिछले हफ्ते अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा था कि हम हर तरह की अनिश्चित घटनाओं के लिए तैयार हैं। रेजनिकोव ने कहा है कि यूक्रेन का आकलन है कि रूस ने बॉर्डर पर 95 हजार सैनिक तैनात किए हैं। हालांकि यूक्रेन की ताकत के कारण अमेरिका का अनुमान है कि रूस यूक्रेन पर आक्रमण करने के लिए 1.75 लाख सैनिकों को जमा कर सकता है। लेकिन हमारे पास 2.5 लाख अधिकारी हैं...हमारी सेना के सदस्य। 2 लाख रिजर्व हैं और 4 लाख दिग्गज। 1.75 लाख सैनिक यूक्रेन का मुकाबला नहीं कर सकते।



रेजनिकोव ने कहा है कि अगर रूस आक्रमण करता है तो इसका पूरे यूरोप पर विनाशकारी प्रभाव होगा। 40-50 लाख यूक्रेन के लोगों को यूरोप में जगह लेनी पड़ सकती है। हमने अपने सहयोगियों से सैन्य उपकरण को लेकर अपील की है। हमें सैनिकों की जरूरत नहीं है क्योंकि मुझे नहीं लगता है कि यह उचित है कि यूक्रेन में अमेरिकी सैनिक मारे जाएं। हालांकि रूस ने यूक्रेन पर किसी भी तरह के हमले की योजना से इनकार किया है। रूस ने कहा है कि यूक्रेन को नाटो सदस्य बनाना मॉस्को को मंजूर नहीं है। इससे रूस के बॉर्डर पर खतरा हो सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक क्रेमलिन एक कानूनी प्रतिबद्धता की मांग कर रहा है कि यूक्रेन को शामिल करने के लिए नाटो का विस्तार पूर्व की ओर नहीं किया जाए और यूक्रेन में मिसाइल सिस्टम जैसे नाटो सैन्य बुनियादी ढांचे का निर्माण नहीं किया जाए।